आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
वर्ष-11 । अंक 113 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण
दैनिक
# आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित
इंदौर, सोमवार, 28 अप्रैल, 2025

# भारत नहीं छोड़ा तो पाकिस्तानियों को 3 साल की जेल : 3 लाख जुर्माना भी

## 537 पाकिस्तानी लौटे, मेडिकल वीजा वालों के लिए 29 अप्रैल डेडलाइन

**एजेंसी ● नई दिल्ली/ पहलगाम**

केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए रविवार शाम नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जो पाकिस्तानी तय डेडलाइन में भारत नहीं छोड़ता है तो उसे गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। ऐसे नागरिकों को 3 साल जेल या 3 लाख जुर्माना या फिर दोनों का सामना करना पड़ सकता है। 4 अप्रैल 2025 से लागू 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025' के मुताबिक वीजा की शर्तों का उल्लंघन या तय अवधि से ज्यादा भारत में रुकने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। SAARC वीजा रखने वालों के लिए भारत छोड़ने की समय-सीमा 26 अप्रैल थी। मेडिकल वीजा रखने वालों के लिए यह समय-सीमा 29 अप्रैल है।

शॉर्ट-टर्म वीजा होल्डर्स के लिए डेडलाइन खत्म होने के बाद पिछले तीन दिनों में कुल 537 पाकिस्तानी नागरिक अटारी बॉर्डर वापस गए हैं। अटारी बॉर्डर पर प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण पाल ने बताया कि पिछले तीन दिनों में 850 भारतीय नागरिक लौट आए हैं। अकेले रविवार को 237 पाकिस्तानी अपने देश लौट गए, जबकि 116 भारतीय नागरिक वापस आए।

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 23 अप्रैल को बताया था कि पाकिस्तानी नागरिकों के 14 कैटेगरी के वीजा रद्द किए जा रहे हैं। 13 कैटेगरी के वीजाधारकों को 25 अप्रैल तक भारत छोड़ना था। हालांकि इसे 2 दिन बढ़ा दिया गया था। रविवार (27 अप्रैल) को इन 12 तरह के वीजा धारकों को को हर हाल में भारत छोड़ना था।

**SAARC वीजा:** 1992 में SAARC वीजा छूट स्कीम शुरू हुई, ताकि बार-बार वीजा प्रोसेस की जरूरत न पड़े। इनमें जज, खिलाड़ी जैसे हाई-प्रोफाइल लोग शामिल होते हैं। इनमें आम नागरिक शामिल नहीं हैं।

**बिजनेस वीजा:** भारत में बिजनेस के लिए आने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए।

**विजिटर वीजा:** परिवार या रिश्तेदारों से मिलने के लिए जारी किए जाते हैं।

**जर्नलिस्ट वीजा:** न्यूज एजेंसी, मीडिया और पत्रकारिता से जुड़े लोगों के लिए।

**कॉन्फ्रेंस वीजा:** सेमिनार या सम्मेलनों में हिस्सा लेने के लिए।

**ट्रांजिट वीजा:** भारत के रास्ते तीसरे देश जाने के लिए।



### किन पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 29 अप्रैल तक की मोहलत है?

- भारत सरकार पाकिस्तानी नागरिकों को इलाज के लिए मेडिकल वीजा जारी करती है। एक मरीज के साथ मैक्सिमम 2 अटेंडेंट्स या परिजनों की एंट्री होती है। इन्हें भी देश छोड़ने के लिए 29 अप्रैल तक की मोहलत दी गई है।
- मानवीय आधार पर इन नागरिकों को अन्य वीजा होल्डर्स की तुलना में 2 दिन ज्यादा दिए, ताकि वे अपना इलाज पूरा कर सकें और सुरक्षित वापस जा सकें।
- मेडिकल वीजा धारकों को अपने इलाज के दस्तावेज तैयार रखने को कहा गया है, ताकि जांच के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।
- इसके अलावा नई दिल्ली में पाकिस्तानी हाई कमीशन के डिफेंस, नेवी और एयरफोर्स के डिप्लोमैट्स को 'अन वॉन्टेड पर्सन' घोषित किया गया। इन्हें 30 अप्रैल तक भारत छोड़ना होगा।

**ग्रुप टूरिस्ट वीजा:** पाकिस्तानी पर्यटकों के ग्रुप को भारत में घूमने के लिए।

**माउंटेनियरिंग वीजा:** भारत में माउंटेन ट्रैकिंग के लिए आने वाले विदेशियों के लिए।

**फिल्म वीजा:** भारत में फिल्म, टीवी शो या सिनेमैटिक एक्टिविटी के लिए।

**स्टूडेंट वीजा:** यह भारत में पढ़ाई करने के लिए विदेशी छात्रों को दिया जाता है।

**पिलग्रिम और ग्रुप पिलग्रिम वीजा:** किसी एक पाकिस्तानी नागरिक या ग्रुप को भारत में तीर्थयात्रा करने के लिए।

**वीजा ऑन अराइवल:** यह वीजा भारत में आने पर ही मिल जाता है। हालांकि पाकिस्तान के लिए वीजा ऑन अराइवल पर पाबंदी है।

### पाकिस्तान की मांग पहलगाम हमले की जांच चीन-रूस करें :ये पता लगाएं मोदी झूठ बोल रहे या सच; NIA ने जम्मू में केस दर्ज किया

पाकिस्तान की मांग है कि पहलगाम हमले की जांच में चीन और रुस को भी शामिल किया जाए। PTI के मुताबिक पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रुसी मीडिया रिया नोवोस्ती को दिए इंटरव्यू में कहा कि इंटरनेशनल टीम जांच करे कि भारत के पीएम मोदी सच बोल रहे हैं या झूठ। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने पहलगाम आतंकी हमला मामले में रविवार को जम्मू में केस दर्ज कर लिया है। इसमें सर्चिंग में मिले सबूतों और चश्मदीदों के बयानों को आधार बनाया गया है। इस बीच, पूर्व आर्मी चीफ वीके सिंह ने कहा कि पहलगाम मामले पर सरकार एक्शन ले रही है। धैर्य बनाए रखें। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि कोई भी खुफिया सिस्टम फुलप्रूफ नहीं होता। इजराइली एजेंसियों को भी हमास के अटैक का पता नहीं चला था। इधर, सुरक्षाबलों ने कश्मीर घाटी में पिछले तीन दिनों में 10 आतंकियों के घर ब्लास्ट से उड़ा दिए। बीते दो दिन में 272 पाकिस्तानी नागरिक भारत छोड़कर जा चुके हैं। 13 डिप्लोमैट-अफसरों समेत 629 भारतीय, पाकिस्तान से लौटे हैं। जम्मू-कश्मीर में पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से घाटी में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

# पाकिस्तानी मंत्री बोले- भारत 130 परमाणु मिसाइलों के निशाने पर

## ये सजावट के लिए नहीं रखीं; सिंधु का पानी रोका तो युद्ध के लिए तैयार रहें

**एजेंसी ● इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत पर परमाणु बम हमले की धमकी दी। उन्होंने कहा, हमने शाहीन, गोरी और गजनवी जैसी 130 मिसाइल भारत के लिए रखी हैं।

अगर भारत सिंधु जल संधि को रोकता है, तो हम उसकी सांसें रोक देंगे। भारत को युद्ध के लिए तैयार रहना होगा। पाकिस्तान के परमाणु हथियार सजाने के लिए नहीं रखे हैं, बल्कि हमने देशभर में परमाणु हथियार कई ठिकानों पर छिपा रखे हैं। अब्बासी ने कहा कि हमारी मिसाइलों का निशाना भारत की तरफ है। ये बात भारत भी जानता है कि हमारे पास हथियार हैं, इसलिए वो हम पर हमला नहीं कर रहा है।

### अब्बासी बोले- भारत अपनी कमियों का इल्जाम हम पर लगा रहा

अब्बासी ने कहा कि भारत अपनी सुरक्षा में खामियों को मानने के बजाय पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगा रहा है। इस्लामाबाद अपने खिलाफ उठाए गए किसी भी आर्थिक कदम के फैसले से मुकाबला करने के लिए तैयार है। अब्बासी ने भारत की तरफ से पाकिस्तान के लिए पानी की सप्लाई रोकने और ट्रेड संबंधों को खत्म करने का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस भारत के लिए बंद कर दिया है। इससे दो ही दिन में भारत की एविएशन इंडस्ट्री परेशान हो गई। भारत को अपनी गलती का एहसास हो गया है। अगर 10 दिन हमने एयरस्पेस बंद रखा तो भारत की एयरलाइंस दिवालिया हो जाएंगीं।



### 1960 में हुआ था सिंधु जल समझौता, 65 साल बाद रोका गया

1960 में भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच ये समझौता हुआ था। समझौते में सिंधु बेसिन से बहने वाली 6 नदियों को पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में बांटा गया था। पूर्वी हिस्से की नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के पानी पर भारत का पूरा अधिकार है। पश्चिमी हिस्से की नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम का 20% पानी भारत रोक सकता है।

## कर्नाटक CM की पाकिस्तान से युद्ध वाले बयान पर सफाई :बोले-

# मैंने कभी नहीं कहा युद्ध नहीं होना चाहिए भाजपा बोली- सिद्धारमैया पाकिस्तान रत्न

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

कर्नाटक के CM सिद्धारमैया ने पहलगाम हमले पर दिए अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने 26 अप्रैल को कहा था कि हम पाकिस्तान से युद्ध के पक्ष में नहीं है। रविवार को उन्होंने कहा- मैंने कभी नहीं कहा कि हमें पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं करना चाहिए, मैंने बस इतना कहा कि युद्ध समाधान नहीं है।



उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों को सुरक्षा दी जानी चाहिए थी। इसकी जिम्मेदारी किसकी है? मैंने कहा है कि इसमें विफलता हुई है। यह खुफिया तंत्र की विफलता है। भारत सरकार ने पर्याप्त सुरक्षा प्रदान नहीं की। जहां तक युद्ध का सवाल है, अगर यह बहुत जरूरी ही होगा तो हमें युद्ध करना ही होगा।

सिद्धारमैया के पहले वाले बयान पर भाजपा ने निशाना साधा। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने सिद्धारमैया को 'पाकिस्तान रत्न' बताया। उन्होंने कहा- CM सिद्धारमैया आप अपने बचकाने और बेतुके बयानों के कारण रातों-रात पाकिस्तान में विश्व प्रसिद्ध हो गए हैं।

दरअसल, सिद्धारमैया के युद्ध के पक्ष में नहीं होने के बयान को पाकिस्तानी मीडिया ने कवर किया। अपने प्राइम शो में उनके बयान को बड़े स्तर पर टेलीकास्ट किया।

पाकिस्तानी मीडिया सिद्धारमैया की बहुत प्रशंसा कर रहा है। नेहरू को रावलपिंडी की सड़कों पर खुली जीप में घुमाया गया था, क्योंकि पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए नेहरू से बहुत खुश था, जो पाकिस्तान के पक्ष में थी। क्या सिद्धारमैया भारत के अगले राजनेता होंगे जिन्हें पाकिस्तान में खुली जीप में घुमाया जाएगा?

## गुजरात में 1 हजार से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में

### सीक्रेट मीटिंग के बाद शुरु हुआ 'ऑपरेशन क्लीन सिटी', पुलिस ने आधी रात घेरे 5 इलाके

**एजेंसी ● अहमदाबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्य सरकारों को विदेशी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने का निर्देश दिया था। इसके बाद गुजरात सरकार ने पुलिस और क्राइम ब्रांच को राज्य के बड़े शहरों और गांवों में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को तुरंत हिरासत में लेने का आदेश दिया। गुजरात पुलिस का ऑपरेशन शनिवार रात 12 बजे शुरू हुआ, जो अब तक जारी है। शनिवार रात 12 से सुबह 6 बजे तक अहमदाबाद में 890 और सूरत से 134 लोगों को हिरासत में लिया गया था।शनिवार को हुई थी सीक्रेट मीटिंग गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद गुजरात पुलिस प्रमुख विकास सहाय के साथ गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी के घर पर शनिवार दोपहर को एक सीक्रेट मीटिंग हुई थी। इस बैठक में अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर, अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के संयुक्त पुलिस कमिश्नर शरद सिंघल और सूरत पुलिस कमिश्नर समेत बड़े अधिकारी मौजूद थे।

# पहलगाम पीड़ितों को न्याय मिलेगा

## हमले के बाद देश का खून खौल रहा, साजिश करने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने रेडियो शो 'मन की बात' के 121वें एपिसोड की शुरुआत पहलगाम में मारे गए लोगों को याद करते हुए की। उन्होंने कहा- इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले से देश के लोगों का खून खौल रहा है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा।

मोदी ने कहा- कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेज अच्छे से चल रहे थे, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया।



पीएम ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिया। कहा- इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा। इसके साथ ही मोदी ने भारत के ग्लोबल स्पेस पावर बनने की भी बात की। कहा- हमने एक साथ 104 सैटेलाइट्स लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं।

पूर्व ISRO चीफ डॉ. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि दी- आज भारत जिन उपग्रहों का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में लॉन्च की गई थीं। उनका व्यक्तित्व खास था और युवा पीढ़ी उनके कार्यों से बहुत कुछ सीख सकती है। उन्होंने हमेशा नवाचार को महत्व दिया। नया सीखने, जानने और कुछ नया करने का उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था।

भारत के युवाओं ने दुनिया का नजरिया बदला- मोदी ने भारत के युवाओं की प्रतिभा की बात करते हुए कहा- भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। भारत का युवा, साइंस और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है।

## थरूर बोले- किसी देश का खुफिया तंत्र 100% फुलप्रूफ नहीं

### पाकिस्तान आतंकियों को ट्रेनिंग-हथियार देता है और हमले की जिम्मेदारी से इनकार करता है

**एजेंसी ● तिरुवनंतपुरम**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पहलगाम आतंकी हमले की तुलना आतंकी संगठन हमास के इजराइल पर किए हमल से की। उन्होंने कहा- इजराइल के पास मजबूत खुफिया तंत्र होने के बावजूद हुआ। क्योंकि उन्हें हमले की जानकारी नहीं थी। किसी भी देश के पास कभी भी 100% खुफिया जानकारी नहीं हो सकती है।

थरूर ने कहा- बिलावल भुट्टो का सिंधु जल रोकने पर दिया खून बहने वाला बयान केवल भड़काऊ बयानबाजी है। हम पाकिस्तानियों को कुछ नहीं करना चाहते, लेकिन अगर वे हमारे साथ कुछ करते हैं, तो जवाब के लिए तैयार रहें। अगर खून बहेगा तो हमारे मुकाबले उनकी तरफ ज्यादा बहेगा।

थरूर ने कहा- पहलगाम हमले में एक पैटर्न है। लोगों को उकसाया जाता है, ट्रेंड किया जाता है, हथियार दिए जाते हैं। अक्सर सीमा पार से डायरेक्ट किया जाता है और पाकिस्तान सभी जिम्मेदारी से इनकार करता है।

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन में आयोजित महिला केंद्रित रोजगार पर्व का भोपाल से किया वर्चुअली शुभारंभ

# कामकाजी महिलाओं के छात्रावास निर्माण के लिए 100 करोड़ : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

### बहन-बेटियों की पढ़ाई और रोजगार में सुगमता के लिए हर संभव की जा रही हैं व्यवस्थाएं
### रोजगार और कारोबार के साथ-साथ परिवार भी जिम्मेदारी से संभाल रही हैं महिलाएं

**संवाददाता ● भोपाल**

**शुभारंभ**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के कुल स्टार्ट-अप में से 45 प्रतिशत से अधिक की मालकिन महिलाएं हैं। ड्रोन दीदी के रूप में स्वसहायता समूह की बहनें नई पहचान बना रही हैं। शासकीय नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण ने बहन-बेटियों को सफलता के नए पंख दिए हैं। प्रदेश में महिलाओं के नाम जमीन, दुकान और घर की रजिस्ट्री में अतिरिक्त छूट मिल रही है, इससे बहनों के पास सम्पत्ति की शक्ति आई है। बहनों का मान तो बढ़ा ही है, घर के फैसलों में भी अब महिलाओं को महत्व मिल रहा है। यह सब संकेत समाज के सशक्त होने के संकेत हैं क्योंकि समाज का सशक्तिकरण महिलाओं में सशक्तिकरण के बिना अधूरा है। हम यदि अपने राज्य को प्रगति की राह पर आगे बढ़ता देखना चाहते हैं तो बहन-बेटियों को शिक्षा, उनके कौशल उन्नयन और उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कालिदास अकादमी, उज्जैन में सत्यज फाउंडेशन द्वारा आयोजित महिला केंद्रित रोजगार पर्व को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहन-बेटियों को पढ़ाई और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हर संभव व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कामकाजी महिलाओं के छात्रावास निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास के लिए कुल 27 हजार 147 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित है। इसमें छह साल में जेंडर बजट का आकार दोगना हो गया है। व्यापार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई प्रकार की रियायतें प्रदान की गई हैं। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि बहन -बेटियां रोजगार और कारोबार में अपने सभी कार्य जिम्मेदारी से संपादित कर रही हैं और परिवार भी संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बहन-बेटियों के जीवन के हर पड़ाव पर उनके साथ है। उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में रोजगार पर्व में विभिन्न कम्पनियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजागर राज्य मंत्री तथा उज्जैन जिले के प्रभारी श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव तथा पूर्व केंद्रीय डॉ. सत्यनाराण जटिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में 25 से अधिक कम्पनियों ने सहभागिता की।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

# युवती को छात्रों के कमरे में जाने से रोका, कर दी पिटाई

संवाददाता ● इंदौर

एमआईजी थाना क्षेत्र में एक युवती को दीपक गायकवाड़ और साहिल अंसारी के कमरे पर जाने से रोकना दो छात्रों को भारी पड़ गया। आरोप है कि दीपक और साहिल ने अपने साथियों के साथ मिलकर छात्र सोनू और रियांशु की लात-घूंसों और बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित सोनू की शिकायत पर एमआईजी पुलिस ने आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

**घटना**

जानकारी के अनुसार सोनू एमआईजी इलाके में स्थित एक बिल्डिंग में किराए से रहता है। वह मूलतः बैतूल जिले का रहने वाला है और इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहा है। आरोपी दीपक गायकवाड़, साहिल अंसारी और उनकी मित्र युवती भी उसी बिल्डिंग में रहते हैं। दीपक और साहिल ने युवती को अपने कमरे पर बुलाया था। जब युवती ने यह बात सोनू को बताई, तो सोनू ने उसे जाने से मना कर दिया।





**रात में बालकनी में किया हमला**

घटना 25 अप्रैल की रात करीब 1 बजे की है जब सोनू अपने दोस्त रियांशु के साथ बिल्डिंग की बालकनी में बैठा था। तभी दीपक, साहिल और उनके कुछ साथी वहां पहुंचे और रियांशु से विवाद करने लगे। आरोपियों ने युवती को धमकाने की भी कोशिश की। जब सोनू और रियांशु ने इसका विरोध किया तो दीपक, साहिल और उनके साथियों ने दोनों के साथ मारपीट कर दी। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि युवती को मिलने से रोका गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।

**आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही**

मारपीट की जानकारी सोनू और रियांशु ने अपने परिजनों को दी। अगले दिन दोनों छात्र थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अब मारपीट करने वाले आरोपियों की डिटेल निकालने में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शॉर्ट न्यूज

### बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर बेटी की मौत, पिता घायल

**इंदौर**। महू में रहने वाली एक महिला की रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने पिता के साथ बाइक से इंदौर बाजार करने आ रही थी। गोल चौराहे के यहां उनकी बाइक को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। राऊ पुलिस ने बताया कि हादसा गोल चौराहे के पास हुआ। यहां पर डोगर गांव महू से 23 वर्षीय सिमरन अपने पिता महबूब के साथ बाइक से मार्ट इंदौर में खरीदी करने आ रही थी। रास्ते में उनकी बाइक को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक का पहिया सिमरन के ऊपर से गुजर गया। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### मजदूर ने दोस्तों के साथ शराब पी, सुबह मिला शव

**इंदौर**। राऊ इलाके में रहने वाले मजदूर का शव पुलक सिटी में पाया गया। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है, और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एफएसएल की टीम भी घटना स्थल पर पहुंच चुकी है। राऊ थाने के एएसआई मोहम्मद अमीन के अनुसार, पुलक सिटी में टाइल्स का काम करने वाले चंदू (38) पुत्र रामलाल राठौर निवासी ऋषि पैलेस का शव रविवार सुबह इलाके के लोगों ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर चंदू की पहचान कर परिवार को बुलाया गया। चंदू के सिर पर गहरी चोट के निशान थे, जिससे हत्या की संभावना जताई जा रही है। चंदू के परिवार में दो बच्चे हैं और वह अपने माता-पिता से अलग राऊ इलाके में किराए पर रह रहा था। पुलिस की जांच में सामने आया कि चंदू ने रात में अपने दोस्तों के साथ शराब पी थी, जिसके बाद किसी विवाद के कारण उस पर हमला कर दिया गया और उसे मौत के घाट उतार दिया गया।

### मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने

## वार्ड 70, बिजली नगर कॉलोनी में पार्क समेत विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



संवाददाता ● भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 70, बिजली नगर कॉलोनी में पार्क निर्माण समेत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन समारोह के अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से पूर्व नरेला विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। लेकिन विगत वर्षों में नरेला ने अभूतपूर्व विकास यात्रा तय की है। आज प्रत्येक घर में नर्मदा जल की उपलब्धता, पक्की सड़कों का जाल, आदर्श ड्रेनेज सिस्टम और उच्च गुणवत्ता के थीम पार्क जैसे अनेक विकास कार्य क्षेत्रवासियों को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला आगे भी तेजी से जारी रहेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**रहवासियों ने दी आत्मीय शुभकामनाएँ और जताया आभार** : बिजली नगर कॉलोनी स्थित शासकीय विद्यालय के सामने आयोजित समारोह में क्षेत्रवासियों ने मंत्री श्री सारंग का भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा कर और ढोल-ताशों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मंत्री श्री सारंग ने क्षेत्रवासियों के प्रेम एवं समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी प्रेरणा शक्ति है।

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में निखिता गांधी का धमाकेदार लाइव कॉन्सर्ट

**भोपाल**। कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में शनिवार रात मशहूर बॉलीवुड सिंगर निखिता गांधी का लाइव कॉन्सर्ट आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 5000 हजार की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे और निखिता के सुपरहिट गानों पर जमकर झूमे। कॉन्सर्ट की शुरुआत निखिता गांधी ने अपने लोकप्रिय गाने के बाद माहौल और भी रोमांचक हो गया। छात्रों ने मोबाइल फ्लैशलाइट जलाकर उनका स्वागत किया और पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। निखिता ने एक के बाद एक हिट गानों की प्रस्तुती दी उनके हर गाने पर स्टूडेंट्स ने तालियों और डांस के साथ भरपूर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी के कल्चरल फेस्ट के तहत किया गया था। इस मौके पर विश्वविद्यालय के चेयरमैन जय नारायण चौकसे ,प्रो चांसलर डॉक्टर अनुपम चौकसे, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्वेता अनुपम चौकसे और अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। उन्होंने निखिता गांधी का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कॉन्सर्ट के अंत में निखिता ने छात्रों से संवाद करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।




### 229 यात्री पकड़े गए, 1.42 लाख जुर्माना वसूला

## संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर 'किलाबंदी' टिकट चेकिंग







संवाददाता ● भोपाल

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं रेल राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर प्रातः 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान वाणिज्य विभाग के पर्यवेक्षक श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं 12 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर के बाहर निकलने वाले रास्तों की घेराबंदी की गई, जिससे बिना जांच कोई भी यात्री बाहर न निकल सके।

इस दौरान स्टेशन से गुजरने वाली कुल 10 ट्रेनों के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई। जांच में 128 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे 93,160/- की राशि वसूली गई। वहीं 100 यात्री अनुचित टिकट के साथ यात्रा करते पाए गए, जिनसे 48,850/- बतौर किराया एवं जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त बिना बुकिंग के सामान ले जाते हुए तथा गंदगी फैलाते हुए पाए गए 1 यात्री से 200/- का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार इस अभियान के दौरान कुल 229 मामलों से 1,42,210/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि यह अभियान यह सुनिश्चित करने हेतु संचालित किया गया था कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ ही यात्रा करें। ऐसे अभियान न केवल रेलवे के राजस्व को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि यात्रियों को एक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं स्वच्छ यात्रा का अनुभव भी प्रदान करते हैं। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि यात्रा करने से पूर्व वैध टिकट अवश्य लें। प्रतीक्षा सूची ई-टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट पर यात्रा की अनुमति नहीं है। यात्री IRCTC की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या UTS ऐप का उपयोग कर आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं।

## 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा का समापन कार्यक्रम

### नवाचार का उपयोग सामाजिक हित में होना चाहिए: डॉ अनिल कोठारी, महानिदेशक, मेपकास्ट

संवाददाता ● भोपाल



मेपकास्ट द्वारा आयोजित 17 वीं विज्ञान मंथन यात्रा का आज समापन हो गया । समापन के पूर्व विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति हेतु परीक्षा भी दी । समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ रवीन्द्र कन्हेरे थे । उन्होंने विद्यार्थियों से अगले 25 वर्षों तक होने वाली महत्वपूर्ण शोध के बारे में चर्चा की । भारत के दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण शोध एवं उसके अपेक्षित परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक प्रस्फुटन का कार्य करते है । इस अवसर पर डॉ अनिल कोठारी, महानिदेशक मेपकास्ट ने भी संबोधित किया । उन्होंने कहा कि आपके द्वारा विकसित एक भी नवाचार समाज को नई दिशा दे सकता है । इससे पूर्व विज्ञान मंथन यात्रा वर्ष 2024-25 की संक्षिप्त जानकारी डॉ. विवेक कटारे, प्रमुख मिशन एक्सीलेंस ने प्रदान की । शिक्षकों एवं छात्रो द्वारा विज्ञान मंथन यात्रा के अनुभव अनुष्का सिंह, कक्षा 10वीं (नई दिल्ली), अर्पित बागरी, कक्षा 10वीं (नई दिल्ली), प्राची विमनानी, कक्षा 12वीं (चंडीगढ़), आर्नी सान्डिल्य, कक्षा 11वीं (चंडीगढ़), श्री रत्नेश गुप्ता, ग्रुप हेड शिक्षक (चंडीगढ़) श्रृध्दा गुप्ता, शिक्षक (चंडीगढ़), अंजली भार्गव, शिक्षक (नई दिल्ली) प्रियांक प्रवासी, शिक्षक (नई दिल्ली), परिषद के वैज्ञानिकों डॉ निपुण सिलावट, श्री राजेश शेंडे द्वारा भी यात्रा के अनुभव साझा किये गए । कार्यक्रम के अंत में सभी को सर्टिफिकेट वितरण कर धन्यवाद ज्ञापन श्री निरंजन शर्मा, प्रभारी मिशन एक्सीलेंस द्वारा किया गया ।

### "आचार्य शंकर प्रकटोत्सव : वैश्विक एकात्मता का महायज्ञ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित देशभर के प्रमुख साधु- संत होंगे शामिल


# एकात्म पर्व' ओंकारेश्वर में कल से- राज्य मंत्री श्री लोधी

संवाददाता ● भोपाल

जगद्गुरु आदि शंकराचार्य के जन्मोत्सव के अवसर पर 'आचार्य शंकर प्रकटोत्सव - एकात्म पर्व' का भव्य आयोजन 28 अप्रैल से 2 मई 2025 तक मध्यप्रदेश के पवित्र तीर्थ ओंकारेश्वर में एकात्म धाम परिसर में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'एकात्म पर्व' को एक दिव्य, सांस्कृतिक और बौद्धिक महाकुंभ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि 'एकात्म पर्व' का उद्देश्य भारत के प्राचीन सनातन ज्ञान और अद्वैत वेदान्त की सार्वभौमिक चेतना को जन-जन तक पहुँचाना तथा विश्वबंधुत्व एवं एकात्मता की भावना को पुनः जागृत करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, साधकों और संस्कृति प्रेमियों को इस अद्वितीय पर्व में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया हैं।

**अवसर**

एकात्म पर्व का शुभारंम 28 अप्रैल को सुबह 7 बजे महर्षि सांदीपनि वेद विद्यापीठ एवं आर्ट ऑफ लिविंग गुरुकुल के आचार्यों द्वारा वैदिक अनुष्ठान से होगा, जिसके बाद शोभायात्रा नर्मदा स्थित अभय घाट से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः अभय घाट पर संपन्न होगी। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पावन पर्व के दौरान ओंकारेश्वर में विविध प्रकार के आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिनमें आचार्य शंकर के स्तोत्रों का गायन, वैदिक अनुष्ठान, शोभायात्रा, अद्वैत शारदा पुस्तकालय, अद्वैत लोक प्रदर्शनी और वेदांत-विज्ञान विषयक परिचर्चाएँ प्रमुख रहेंगी। इस आयोजन में अनेक संत-संन्यासियों की उपस्थिति होगी, जिनमें जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, इस्कॉन के गौरांग दास प्रभु, अखण्ड परम धाम के स्वामी परमानंद गिरि, स्वामी विदितात्मानंद सरस्वती, स्वामी मिथलेश नंदनी शरण, स्वामी प्रणव चैतन्य पुरी, और माँ पूर्णप्रज्ञा सम्मिलित हैं। साथ ही विभिन्न सत्रों में चिंतक मुकुल कानिटकर, लेखक नीलेश नीलकंठ ओक, प्रो. गौरी माहुलिकर, प्रो. पंकज जोशी, प्रो. रामनाथ झा, कैप्टन प्रवीण चतुर्वेदी, मृत्युंजय गुहा मजूमदार और विशाल चौरसिया जैसे प्रमुख वक्ता भाग लेंगे। 1 मई को विशेष सत्र "रील टू रियलः अवेकनिंग वननेस थ्रू स्टोरीटेलिंग" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गौरांग दास प्रभु, कैप्टन प्रवीण चतुर्वेदी और विशाल चौरसिया संवाद करेंगे।





पर्व के अंतिम दिन 2 मई को आचार्य शंकर प्रकटोत्सव के अवसर पर 500 शंकरदूतों का दीक्षा संस्कार अभय घाट पर संतों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। समापन दिवस पर प्रातःकाल में विद्वानों का अलंकरण किया जाएगा जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे। सायं 5 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा नर्मदा घाट पर 10,000 दीपों का प्रज्ज्वलन और नर्मदा आरती का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि ओंकारेश्वर में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास एवं संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा एकात्म धाम प्रकल्प के अंतर्गत 108 फीट ऊँची "एकात्मता की मूर्ति" का निर्माण किया जा चुका है तथा अद्वैत लोक संग्रहालय एवं अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### आकर्षण का केन्द्र बनेगा गायन एवं नृत्य

पाँच दिवसीय एकात्म पर्व के अंतर्गत "शंकर संगीत" नामक सांगीतिक प्रस्तुति श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें आचार्य शंकर के स्तोत्रों व अद्वैत वेदांत पर आधारित रचनाएँ प्रस्तुत की जाएँगी। इस श्रृंखला में माधवी मधुकर झा, जयतीर्थ मेवुंडी, लोकमाता विद्याशंकर, और सुधा रघुरामन जैसे प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियाँ होंगी। 1 मई को शंकरदूतों द्वारा आचार्य शंकर विरचित स्तोत्रों का सामूहिक गायन किया जाएगा। 2 मई को प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना लता मुंशी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### अद्वैतामृतम् से लाभान्वित होंगे श्रोता

एकात्म पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः 8:30 से 10:30 व सायं 5:30 से 7:30 तक "अद्वैतामृतम" नामक विशेष वैदांतिक संवाद सत्रों का आयोजन किया जाएगा। 28 और 29 अप्रैल को माँ पूर्णप्रज्ञा "ओंकार" विषय पर उद्बोधन देंगी। 28 अप्रैल से 1 मई तक स्वामी प्रणव चैतन्य पुरी आचार्य शंकर के जीवन एवं दर्शन पर विशेष सत्र संचालित करेंगे। 29 और 30 अप्रैल को प्रो. गौरी माहुलिकर अपना उद्बोधन देंगी और मुकुल कानिटकर "अद्वैत वेदांत: प्राणमय कोष" विषय पर व्याख्यान देंगे।

## इंदौर, भोपाल, ग्वालियर में फीस वापसी को लेकर परेशान हो रहे हैं पेरेंट्स

# 14 हजार स्टूडेंट्स से ऐंठे 250 करोड़, 2-2 लाख एडवांस लिए

### लेकिन नहीं ली क्लास

संवाददाता ● इंदौर

दिल्ली-एनसीआर में FIITJEE कोचिंग सेंटरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के दो दिन बाद बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में पता चला है कि FIITJEE ने मौजूदा सत्र से लेकर 2028-29 तक के शैक्षणिक वर्षों के लिए देशभर के 14 हजार 411 स्टूडेंट्स से करीब 250.2 करोड़ रुपए फीस के रूप में वसूले, लेकिन इसके बदले स्टूडेंट्स को पढ़ाया नहीं । ईडी ने सभी जरूरी दस्तावेजों की जांच के बाद फीस वसूली से जुड़े अहम तथ्य उजागर किए हैं। अभिभावक अब इस बात को लेकर चिंता में हैं कि उन्हें अपना पैसा वापस मिलेगा या नहीं।

**ठगी**

कुछ समय पहले इंदौर के अभिभावकों ने भी FIITJEE कोचिंग सेंटर के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। इंदौर के पलासिया इलाके में स्थित FIITJEE कोचिंग सेंटर पर एक छात्र के अभिभावक ने मीडिया को बताया कि उनका बेटा यहां पढ़ाई कर रहा था और कोचिंग ने उनसे 2 लाख रुपए एडवांस में लिए थे। इसके अलावा, अन्य करीब 50 अभिभावकों से भी 2-2 लाख रुपए एडवांस में लिए गए थे। लेकिन, फीस जमा कराने के बाद एक महीने से कोई पढ़ाई नहीं हो रही थी। जब अभिभावकों ने पढ़ाई की स्थिति के बारे में पूछा, तो उन्हें फंड की समस्या का हवाला दिया गया।




**भोपाल : थाने पर हंगामा**

उधर राजधानी भोपाल में भी इसी तरह का मामला सामने आया था। भोपाल के एमपी नगर थाने में अभिभावकों का हंगामा देखने को मिला था, जब वे FIITJEE के संचालक के खिलाफ FIR दर्ज करवाने पहुंचे थे। आरोप था कि कोचिंग ने छात्रों से 2 से 4 साल का एडवांस फीस लिया था और अब अचानक सेंटर बंद कर दिया गया। यह कोचिंग भोपाल के एमपी नगर ZONE-2 में संचालित थी, जहां 150 से ज्यादा अभिभावकों से 3 से 5 लाख रुपए तक एडवांस में फीस ली गई थी। अभिभावकों का कहना था कि उन्होंने 2 से 4 साल की फीस पहले ही जमा कर दी थी, इसके अलावा अतिरिक्त पैसे भी दे दिए थे। जब कोचिंग सेंटर बंद हो गया, तो अभिभावकों ने करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी थी और आवेदन प्राप्त कर विधि विशेषज्ञों से सलाह लेने की बात की थी।

### क्यों उठा मामला

पिछले दिनों FIITJEE के खिलाफ इंदौर,नोएडा, लखनऊ, दिल्ली, भोपाल समेत अन्य शहरों में एफआईआर दर्ज की गई थीं। जनवरी में कुछ अभिभावकों ने शिकायत की थी कि FIITJEE ने अचानक अपने सेंटर बंद कर दिए, जिससे उनके बच्चों की पढ़ाई बीच में छूट गई। अभिभावकों का आरोप था कि उन्होंने लाखों रुपए फीस में जमा किए थे, लेकिन न तो पढ़ाई करवाई गई और न ही पैसे लौटाए गए।

### ईडी ने की थी छापेमारी

24 मार्च 2025 को ईडी ने FIITJEE के दिल्ली-एनसीआर स्थित सात ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान संस्थान के डायरेक्टर डीके गोयल, सीईओ, सीओओ और सीएफओ के घर और ऑफिसों पर भी कार्रवाई हुई। यह पूरी कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (PMLA) के तहत की गई है। छापेमारी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए।

### निजी और अवैध कामों में लगाया पैसा

ईडी ने बताया कि वसूली गई रकम का इस्तेमाल निजी और अवैध कार्यों में किया गया, जबकि शिक्षकों का वेतन भी नहीं दिया गया। इसी वजह से इंदौर,भोपाल, ग्वालियर, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, नोएडा, प्रयागराज, दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम और मुंबई जैसे शहरों में FIITJEE के 32 कोचिंग सेंटर अचानक बंद हो गए। इससे करीब 15 हजार छात्र और उनके माता-पिता बड़ी परेशानी में आ गए।

## राजकुमार मिल के पास बसों की ट्रेन...



प्रशासन के आदेश के बाद भी राजकुमार मिल के पास रोड पर बसों की लाइन लगी रहती है।

### उमंग सिंघार बोले- हर व्यक्ति आतंकवादी नहीं

## लक्ष्मणसिंह पर आलाकमान करेगा कार्रवाई

संवाददाता ● इंदौर

शहर में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 'संविधान बचाओ' विषय पर मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह द्वारा पहलगाम हमले को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि पार्टी ने इस मामले को नोटिस में लिया है और इस पर जो भी कार्रवाई करनी होगी, वह पार्टी आलाकमान करेगा।

बता दें कि लक्ष्मण सिंह ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर आतंकवादियों से मिले होने का आरोप लगाया था और कहा था कि कांग्रेस को उनसे समर्थन वापस लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी को भी सोच-समझकर बोलने की नसीहत दी थी। शॉर्ट टर्म वीजा वाले पाकिस्तानियों को वापस भेजने के मुद्दे पर सिंघार ने कहा कि हर व्यक्ति आतंकवादी नहीं हो सकता। केवल वे लोग जो अवैध गतिविधियों में शामिल हैं, उन्हें देश से तत्काल निकाला जाना चाहिए। सिंघार ने बताया कि जनता को अत्याचार से बचाने के लिए कांग्रेस 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करने जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य संविधान में निहित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों की रक्षा करना है, जिन पर मौजूदा सरकार द्वारा गंभीर आघात किया जा रहा है।

**दुष्कर्म की घटनाएं निंदनीय** – प्रदेश में आदिवासी और दलित समुदायों पर अत्याचार के मुद्दे पर सिंघार ने चिंता जताते हुए कहा कि बालाघाट में आदिवासी लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं निंदनीय हैं। पहलगाम हमले को लेकर उन्होंने शोक व्यक्त किया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। वहीं, 2021 की जनगणना नहीं कराए जाने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह गंभीर षड्यंत्र है, जिससे पिछड़े वर्गों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरएसएस पत्रकारों पर अपनी विचारधारा थोपना चाहती है, जिसके लिए माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय में अयोग्य शिक्षकों से आरएसएस की विचारधारा पढ़ाई जा रही है। उन्होंने प्रेस की स्वतंत्रता पर हो रहे हमलों का भी जिक्र किया।

# सुदामानगर में शतरंजप्रेमियों के लिए अनूठा पार्क तैयार

### महापौर ने सेंट्रल इंडिया के पहले चेस पार्क का किया लोकार्पण

संवाददाता ● इंदौर

शहरवासियों के लिए गर्व का क्षण आया, जब सुदामा नगर में सेंट्रल इंडिया का पहला चेस पार्क बनकर तैयार हो गया। शनिवार को इस अद्वितीय चेस पार्क का लोकार्पण नगर निगम के सहयोग से महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने किया। यह पार्क संस्था एफटीएस युवा इंदौर के अभियान एक कदम शतरंज की ओर* और ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। इस मौके पर ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल फतेहचंदानी और वरिष्ठ सदस्य डॉ. सुनील सोमानी सहित स्थानीय नागरिक और बड़ी संख्या में बच्चे भी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर प्रवीण ठिप्से और मप्र के पहले इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खंपारिया शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित शतरंज प्रेमियों के साथ खेल से जुड़ी रोचक जानकारियाँ साझा कीं और बच्चों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि यदि किसी चीज का उपयोग नहीं होता तो वह निष्क्रिय हो जाती है। हमारा मस्तिष्क भी उपयोग न करने पर कमजोर हो सकता है। शतरंज एक ऐसा खेल है जो मस्तिष्क को सक्रिय और तेज बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल से बच्चों को दूर रखने और शारीरिक-मानसिक विकास के लिए इस प्रकार के प्रयास जरूरी हैं। महापौर ने घोषणा की कि जल्द ही इंदौर में 36 एकड़ क्षेत्र में एक बड़ा बगीचा विकसित किया जाएगा, जिसमें तालाब और अन्य खेल सुविधाएँ भी होंगी।इसके अलावा, एफटीएस युवा संस्था को प्रेरित करते हुए उन्होंने पाँच और गार्डन विकसित करने की घोषणा की। महापौर ने भविष्य में मेयर चेस स्पर्धा आयोजित करने की भी बात कही। इस पहल के तहत चेस पार्क सभी शतरंज प्रेमियों, खिलाड़ियों और नागरिकों के लिए सुलभ रहेगा। यह आयोजन इंदौर को शतरंज के क्षेत्र में एक नई पहचान देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



# श्रीनगर से वापसी का हवाई किराया कर दिया दोगुना!

### एयरलाइंस कंपनियों ने आपदा में खोजा अवसर

संवाददाता ● इंदौर

पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद कश्मीर में फंसे लोगअब अपने अपने शहरों की तरफ लौट रहे हैं। इस बीच लैंड स्लाइड के कारणजम्मू हाईवे पांच दिनों से बंद था। उसे आंशिक रूप से खोला जा रहा है। ज्यादातर पर्यटकट्रैफिक जाम में फंसने का जोखिम उठाने के बजाए उड़ानों से अपने घरों की तरफ लौटने का विकल्प चुन रहे हैं। शुक्रवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन जैसी भीड़ थी। सामान की जांच से लेकर बोर्डिंग तक के लिए लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं। यात्री फ्लाइट छूटने के डर से तय बोर्डिंग समय से काफीपहले एयरपोर्ट पहुंच रहे थे।

**दो टिकट के 38 हजार**– श्रीनगर से पर्यटकों की फ्लाइट की बुकिंग का दवाब बढ़ने का फायदा भी एयरलाइंस कंपनियों ने खूब उठाया। श्रीनगर से दिल्ली तक का किराया हमले के दूसरे दिन 25 हजार तक पहुंच गया था। सरकार ने कंपनियों को किराया सामान्य रखने के लिए कहा, लेकिन कंपनियों ने आपदा में अवसर खोजने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। एक पर्यटक विश्वास बोराडे ने बताया कि श्रीनगर से इंदौर तक के दो टिकट उन्होंने 38 हजार में खरीदे, जबकि जाते समय 18 हजार में दो टिकट मिले थे।



### धड़ाधड़ कैंसिल हो रही बुकिंग

दिल्ली, जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़ जैसे श्रीनगर के निकटवर्ती शहरों का हवाई किराया ही 10 से 15 हजार प्रति यात्री लग रहा था। उधर, इस हमले के बाद कश्मीर के पर्यटन सेक्टर को भी नुकसान हो रहा है। होटल, वाहनों की बुकिंग धड़ाधड़ कैंसिल हो रही है। डल झील की हाउस बोट के वाहिद वाणी ने बताया कि हाउस बोट की 80 प्रतिशत बुकिंग कैंसल हो चुकी हैं। झील में 1220 हाउस बोट हैं और हजारों परिवारों को इससे रोजगार मिलता है। यहां तैरता मीना बाजार है। शिकारों पर दुकानें सजती हैं। 2 हजार से 15 हजार तक हाउस बोट का किराया होता है। इस सीजन में भी जून तक बुकिंग थी, लेकिन अब सब धीरे धीरे कैंसल होने लगी हैं। डर के कारण पर्यटक अब यहां आना नहीं चाहते।

## 18 पाकिस्तानियों की पहचान : आज छोड़ना होगा देश, नहीं तो कार्रवाई

संवाददाता ● इंदौर



पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को किए गए हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द कर दिए हैं। इसी कड़ी में इंदौर में भी शॉर्ट टर्म वीजा पर आए पाकिस्तानियों की तलाश शुरू हुई। केवल इंदौर में ही पुलिस ने सार्क और अन्य अल्पकालिक वीजा पर रह रहे लगभग 18 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की है।

अब इंदौर पुलिस ने वीजा निलंबन के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को देश से निकालने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी तरह पूरे मप्र में 229 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। इन सभी को कल तक हर हाल में भारत छोड़ना है। अगर इन्होंने सरकारी आदेश की अवहेलना करते हुए भारत छोड़कर पाकिस्तान नहीं लौटे तो इनके खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

केंद्र ने पाकिस्तानी नागरिकों के सार्क श्रेणी के वीजा को तुरंत रद्द कर दिया है और उन्हें 26 अप्रैल 2025 तक भारत छोड़ने का निर्देश दिया है, जबकि कूटनीतिक, आधिकारिक और दीर्घकालिक वीजा धारकों को इस आदेश से छूट दी गई है। भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित वीजा समाप्ति तिथि से पहले देश छोड़ना अनिवार्य है। भारतीय नागरिकों को भी पाकिस्तान यात्रा से बचने और यदि वे पहले से वहां हैं तो लौट आने की सख्त सलाह दी गई है।

### महापौर बोले- आम लोगों को जाम से मिलेगा स्थायी आराम

# गंगवाल से सरवटे तक की सड़क जल्द बनना शुरू होगी

संवाददाता ● इंदौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गंगवाल बस स्टैंड से सरवटे बस स्टैंड तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसकी शुरुआत गंगवाल बस स्टैंड से की गई, जो सिलावटपुरा, मच्छी बाजार होते हुए पंढरीनाथ के सामने से सरवटे बस स्टैंड तक हुई। महापौर ने बताया कि हम सबका प्रयास है कि शहर का यातायात सुगम बने और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। हर बाधा का आपसी संवाद से समाधान किया जाएगा और ओर इन सड़कों का निर्माण कार्य जल्दी ही शुरू किया जाएगा।

**अपील**

**सड़क निर्माण में आ रही बाधाएं** – सड़क मार्ग पर चार प्रमुख धार्मिक स्थल एवं कई अतिक्रमण हैं जो निर्माण में बाधा बन रहे हैं। महापौर ने आपसी सहमति से धार्मिक स्थलों को स्थानांतरित करने और अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया है। सड़क निर्माण कार्य हेतु जनप्रतिनिधियों के द्वारा मुख्यमंत्री से आग्रह कर 9 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया गया है, जिससे कार्य को तेजी से पूरा किया जा सकेगा।

**जाम से मुक्ति की दिशा में बड़ा कदम** – गंगवाल से सरवटे बस स्टैंड तक की यह सड़क, शहर के एक महत्वपूर्ण ट्रैफिक कॉरिडोर को सुगम बनाएगी। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्पष्ट टाइम टेबल तैयार कर सार्वजनिक किया जाए। साथ ही निर्माण क्षेत्र में सेंट्रल लाइन बनाकर अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट की जाए, जिससे नागरिकों को जानकारी मिल सके कि किन निर्माणों को कितना हटाया जाएगा। महापौर ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बारिश से पूर्व, यानी जून अंत तक, सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाए।



### जनसहयोग की अपील

महापौर ने क्षेत्रीय नागरिकों से अनुरोध किया कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं और शहर के विकास में सहभागी बनें।धार्मिक संगठनों से भी संवाद कर समाधानात्मक सहमति से कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। भविष्य की योजना - इस सड़क के निर्माण के बाद पश्चिमी क्षेत्र के ट्रैफिक में सुगमता आएगी साथ ही भविष्य में एयरपोर्ट कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए भी इस मार्ग का विशेष महत्व होगा।

# कश्मीर के पर्यटन को तोड़ने की साजिश

मुंबई के 26/11 अटैक के बाद देश में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकी हमले ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के खूबसूरत वादियों को रक्तरंजित कर दिया। पहलगाम, जो भारत का मिनी-स्विट्जरलैंड और पर्यटकों का सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन है, वहां आतंकियों ने दिल दहलाने वाली हरकत की, जिसमें मासूम लोगों की जिंदगियां छीन ली गईं। इस हमले ने पूरे देश की चेतना को झकझोर दिया और लोगों को गहरे दुख में डुबो दिया। यह घिनौना और क्रूर हमला सिर्फ पर्यटकों या व्यक्तियों पर नहीं था, बल्कि इसे मानवता पर हमला और अत्याचार माना जा रहा है, जिसने समाज की एकता की नाजुक डोर को तोड़ दिया। आतंकियों ने हिंदू धर्म की पहचान करने के बाद ही मासूम लोगों को निशाना बनाकर गोली मारी। ऐसा लगता है कि उन्होंने भारत में भड़काऊ माहौल बनाने की कोशिश की, जो वर्तमान में वक्फ बिल और ह्लऔरंगजेबह्व से जुड़े सांप्रदायिक विवादों से जूझ रहा है।

पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा का एक गुट, द रेजिस्टेंस फ्रंट (ळफ्रअ), मंगलवार को पहलगाम के बैसरण घाटी में हुए इस आतंकी हमले का संदिग्ध मास्टरमाइंड है, जिसमें 26 लोगों की जान गई। पहलगाम के नरसंहार का समय पाकिस्तान के नापाक इरादों को उजागर करता है, जो घाटी में सामान्य स्थिति का सबसे बड़ा दुश्मन रहा है। यह हमला तब हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जेद्दाह में भारत और सऊदी अरब के बीच सदियों पुराने आर्थिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए कूटनीतिक और द्विपक्षीय वार्ता में व्यस्त थे। यह हमला उस समय सामने आया जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत की चार दिवसीय यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम थी, खासकर ट्रंप के व्यापारिक टैरिफ के वैश्विक कोलाहल के बीच। पहलगाम का यह आतंकी हमला साल 2000 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के दौरान लश्कर द्वारा अनंतनाग जिले के चित्तीसिंहपुरा में सिख नरसंहार की याद दिलाता है। इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पाकिस्तान के कश्मीर दावों को खारिज करने के परिप्रेक्ष्य में भी देखा

**पाकिस्तान—जो आज भुखमरी, गरीबी, उग्रवाद, आतंकवाद और आर्थिक पतन का प्रतीक है—एक क्रॉस- रोड पर खड़ा है, क्योंकि उसकी सेना को आंतरिक विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है। पहलगाम का आतंकी हमला मार्च में बलोच अलगाववादियों द्वारा जफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण की घटना के संदर्भ में देखा जा सकता है, जिसने पाकिस्तानी सेना की नाकामी को उजागर किया। इस्लामाबाद की बलोच विद्रोह को दबाने में विफलता ने चीन के लिए चिंता बढ़ा दी है, जिसने पाकिस्तान में ऊर्जा, परिवहन और बुनियादी ढांचे जैसे कई परियोजनाओं में भारी निवेश किया है।**

जा सकता है।पहलगाम की यह घटना ठीक एक हफ्ते बाद हुई, जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने भारत विरोधी भड़काऊ बयान दिए और कश्मीर को पाकिस्तान की ह्लजुगलर वेन (जीवन रेखा) बताया। पाकिस्तान—जो आज भुखमरी, गरीबी, उग्रवाद, आतंकवाद और आर्थिक पतन का प्रतीक है—एक क्रॉस- रोड पर खड़ा है, क्योंकि उसकी सेना को आंतरिक विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है। पहलगाम का आतंकी हमला मार्च में बलोच अलगाववादियों द्वारा जफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण की घटना के संदर्भ में देखा जा सकता है, जिसने पाकिस्तानी सेना की नाकामी को उजागर किया। इस्लामाबाद की बलोच विद्रोह को दबाने में विफलता ने चीन के लिए चिंता बढ़ा दी है, जिसने पाकिस्तान में ऊर्जा, परिवहन और बुनियादी ढांचे जैसे कई परियोजनाओं में भारी निवेश किया है। पाकिस्तान का जनजातीय समुदायों के साथ सही संवाद न कर पाना सशस्त्र अलगाववादी समूहों के सक्रिय का कारण बना है, जो सुरक्षा बलों, चीनी हितों और प्रवासी मजदूरों को निशाना बना रहे हैं। लोकतांत्रिक और आर्थिक अधिकारों से वंचित होने के कारण जनता में बढ़ती नाराजगी, खासकर युवाओं में, गुस्से को और भड़का रही है।पर्यटकों पर यह क्रूर हमला, जो घाटी में उग्रवाद के चरम काल में भी शायद ही हुआ हो, पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों की हताशा और निराशा को स्पष्ट दिखाता है। यह क्रूर हमला अमरनाथ यात्रा से ठीक पहले हुआ, जो बड़ी संख्या में हिंदू पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को आकर्षित करती है। आतंकियों का मकसद जम्मू-कश्मीर की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को कुंद करना और यह धारणा तोड़ना था कि 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद घाटी स्थिरता की ओर बढ़ रही है। पहलगाम घटना से पहले तक घाटी में आतंकी हमलों में कमी के साथ शांति धीरे-धीरे लौट रही थी, जिसके चलते लाखों पर्यटक घाटी की ओर रुख कर रहे थे। इससे क्षेत्र में पर्यटकों का दिल जीतने के लिए भारी निवेश हुआ है। जैसे-जैसे तुलिप खिल रहे थे, पर्यटन भी फल-फूल रहा था – इस साल श्रीनगर में देसी और विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई है।

## संत वचन

जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा।ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें। इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार

# कुएं पर खड़ी प्यास



गर्मियां शुरू हुई नहीं कि देश भर से जलसंकट की खबरें आने लगी हैं। सबसे ज्यादा ध्यान खींचा महाराष्ट्र में नासिक के एक गांव से आए विडियो ने, जहां एक सूखे कुएं के आसपास बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं हाथ में घड़े लिए खड़ी हैं। ये तीन से चार किलोमीटर दूर से तपती धूप में यहां पानी की आस लिए आई हैं। इनमें से कुछ अपनी जान जोखिम में डालकर गहरे कुंए में घड़े और बाल्टी लेकर उतरती दिख रही हैं। काफी नीचे जाने पर पानी का एक डबरा सा है, बस उसी से इन सबको काम चलाना है। वह पानी इतना मटमैला दिख रहा है कि पीना तो दूर, कोई नहाने का भी न सोचे। लेकिन यहां के सैकड़ों परिवारों के लिए यह अमृत के समान है।नासिक ही नहीं, पश्चिमी विदर्भ और मराठवाड़ा के कई गांवों की यही कहानी है। यहां के तमाम कुएं और हैंडपंप सूख चुके हैं। अप्रैल में ही यह हाल है तो मई, जून की भीषण गर्मी में क्या होगा। यह कोई पहली बार नहीं, जब इन इलाकों में यह हाल हुआ है। पिछले अनेक वर्षों से वहां से ऐसी ही तस्वीरें आ रही हैं, पर आज तक इस समस्या का कोई हल नहीं खोजा गया।

**एडिट.नोट**

यह हाल तब है, जब हमारे यहां प्राकृतिक जल संसाधनों की कोई कमी नहीं। उन देशों का सोचिए, जहां प्राकृतिक जल स्त्रोत बहुत सीमित हैं। जैसे सिंगापुर, लेकिन इसके बावजूद उसने अपनी बड़ी आबादी के लिए क्या गजब इंतजाम कर रखे हैं। ये ठीक वैसे ही हैं, जैसे हमारे पूर्वज किया करते थे। यानी बड़ी बावड़ियों और जलाशयों के जरिए जल संरक्षण। सिंगापुर में वर्षा जल के संग्रह के लिए जलायशों का बड़ा नेटवर्क है। इसके अलावा वहां वॉटर रीसाइक्लिंग प्लांट के जरिए सीवेज और समुद्र के पानी को भी इस्तेमाल करने लायक बनाया जा रहा है। अभी वह 1962 में हुए समझौते के तहत मलेशिया से भी पाइपलाइन के जरिए जल आयात करता है। यह करार 2061 में समाप्त हो जाएगा, तब तक सिंगापुर ने पानी के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य तय कर लिया है। इससे भी बुरा हाल खाड़ी के शुष्क देशों का है, जहां पानी का कोई प्राकृतिक स्त्रोत नहीं। ये भी बारिश के पानी का संचय कर और समुद्री पानी को रीसाइकल कर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। रेगिस्तान और अत्यधिक गर्म जलवायु वाले ये देश जब पानी की अपनी जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं तो हम क्यों नहीं। हमारे यहां तो प्रकृति कितनी मेहरबान है। पूरे देश में उत्तर से दक्षिण तक इतनी सारी नदियां बहती हैं। मॉनसून पूरे चार महीनों तक अपनी कृपा बरसाता है। पर दिक्कत यह है कि हम इसका सदुपयोग नहीं कर पाते हैं। नदियों का पानी निचोड़ कर और उसमें अपना सीवेज डालकर उन्हें मार रहे हैं तो वहीं बरसात के पानी को बचा नहीं पा रहे। इस साल फिर अच्छे मॉनसून की संभावना जताई गई है। कुदरत से मिलने वाले इस भंडार को हम बचाकर रख लें तो साल भर की जरूरतें पूरी हो सकती हैं। इतनी सिंपल बात हम और आप समझते हैं, पर हमारे ज़िम्मेदार क्यों नहीं?

## स्वतंत्र - लेखक

# वक्फ संशोधन कानून: कौम के लिए बेहतरी का रास्ता

वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन कानून समय के अनुरूप जरूरी लदान है। आम मुसलमानों को इस मुद्दे पर भडकाने का प्रयास कर रहे कट्टरपंथी तत्व अपनी कौम और देश का बडा नुकसान कर रहे हैं। वास्तव में अगर कोई भी समाज सही दिशा में हो रहे परिवर्तन को पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर स्वीकार नहीं करता तो वह जडता का शिकार हो जाता है। समय के अनुरूप सुधार के साथ परिवर्तन ही प्रगति का सही रास्ता है। यह मुस्लिम समुदाय में अधिकांश लोगों को समझ आ गया है लेकिन उनको भडकाने की एक सुनियोजित साजिश हो रही है। मैं तर्क सहित कई मुस्लिम विद्वानों से बात करके जानने की कोशिश कर चुकी हूं कि वक्फ सुधार से आखिर आम मुसलमान को फायदा है या नुकसान? कोई भी मुझे यह नहीं समझा सका कि देश के आम मुसलमान का एक भी नुकसान होगा।

हां, आम मुसलमान के नाम पर ठेकेदारी करने वालों को इस बात का डर जरूर है कि कहीं उनकी दुकान न बंद हो जाये। उनके अवैध कब्जों की पोल न खुल जाये। जिस संपत्ति का उपयोग आम मुसलमान की बेहतरी के लिए होना चाहिए था उसके दुरुपयोग का भांडा न फूट जाये। अपने इस डर के लिए कट्टरपंथी आम मुसलमान को ढाल बनाना चाहते हैं। मेरा स्पष्ट मानना है कि आम मुसलमान को वक्फ सुधारों से फायदा है। यह चंद लोगों के एकाधिकार को खत्म करने का प्रयास है जिसका स्वागत होना चाहिए। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में इस पर व्यापक चर्चा हुई तो वहां भी विपक्ष और कौम का नुकसान करने का ठेका ले चुके नेताओं ने विध्वंसक एजेंडा अपनाया। इन्होंने सार्थक सुझाव के बजाय चर्चा को रोकने का प्रयास किया। फिर भी जेपीसी रिपोर्ट के बाद मेरा दृढ मत है कि जो लोग आज इसका विरोध कर रहे हैं , आज नहीं तो कल उन्हें भी यह समझ आएगा कि यह उनकी भूल थी। यह सुधार मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए है। यह पारदर्शिता के लिए सुधार हैं और भ्रष्टाचार के चंगुल से मुक्त होने का रास्ता इन सुधारों में है।आज मुस्लिम समाज के बीच इस बात की छटपटाहट है कि वे कैसे स्वयं को कट्टरपंथी ताकतों के दबाव से मुक्त करके सुधारों का हिस्सा बनें। मुस्लिम समाज जडता से निकल कर कौम की बेहतरी का रास्ता चाहता है । वह विकास की मुख्यधारा से जुडना चाहता है।

मुस्लिम महिलाएं भी चाहती हैं कि उनकी समान भागीदारी का रास्ता खुले। कोई भी समाज अपनी महिलाओं को पीछे रखकर आगे नहीं बढ सकता। लेकिन वे कट्टरपंथी भला इसका समर्थन कैसे करेंगे जो हमारी बहनों को तीन तलाक की बेडी से भी मुक्त नहीं होने देना चाहते थे। जब आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीन तलाक प्रथा खत्म करने का कानून बना तो सबसे ज्यादा खुश मुस्लिम महिलाएं ही थीं। वक्फ में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के प्रस्ताव से भी वैसी ही स्वाभाविक खुशी है। महिलाएं संवेदनशील होती हैं। उनकी भागीदारी से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया से जुडेंगी तो इस संस्था में नये विचार भी आयेंगे। वास्तव में वक्फ सुधार का कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था। लेकिन देर आयद दुरुस्त आये। अब मोदी सरकार ने पुरानी गलतियों को सुधार कर नई व्यवस्था के लिए जो संशोधन प्रस्तावित किए हैं उससे वक्फ बोर्ड ज्यादा प्रभावी रूप से काम कर पाएगा। यह सच्चर कमेटी की सिफारिशों के अनुरूप है। जिसकी वकालत कभी यूपीए के लोग करते थे। वोट की राजनीति ने विपक्ष की सोचने समझने की शक्ति खत्म कर दी है।

लेकिन मोदी सरकार ने वोट के लिए नहीं, देश के लिए फैसले करने का साहस दिखाया है। वक्फ संशोधन वक्त की जरूरत है और संविधान की भावना के अनुरूप है। संविधान की बुनियाद ही बराबरी के सिद्धांत पर टिकी है। फिर महिलाओं से भेदभाव का अधिकार भला संविधान कैसे दे सकता है। जो लोग इसे धार्मिक मामलों में दखल बता रहे हैं उन्हें यह समझना चाहिए कि यह इबादत से जुडा हुआ मामला नहीं है बल्कि संपत्तियों के प्रबंधन का मामला है। संपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आज वक्फ को चुनिंदा लोगों के चंगुल से मुक्त करना जरूरी है। अधिनियम में संशोधन करके एक पारदर्शी, जवाबदेह और समान प्रतिनिधित्व की व्यवस्था लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के उपेक्षित तबकों की भागीदारी का इंतजाम संशोधन में किया गया है। वहीं महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर मोदी जी की सरकार ने अपनी इस सोच को पुख्ता रूप से सामने रखा है कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करना है तो महिलाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्हें हर स्तर पर प्रतिनिधित्व देना होगा।

## बिजनेस

# 7 दिन में 85% से ज्यादा रिटर्न... ट्रंप मीम कॉइन क्रिप्टो ने कर दिया कमाल, डिनर के निमंत्रण से कैसे रॉकेट हुई कीमत?




**नई दिल्ली:** क्रिप्टोकरेंसी ने फिर से उड़ान भरनी शुरू कर दी है। बिटकॉइन समेत कई क्रिप्टोकरेंसी ने एक ही हफ्ते में जबरदस्त रिटर्न दिया है। वहीं ट्रंप मीम कॉइन की चर्चा कुछ ज्यादा है। इसका कारण है कि इस क्रिप्टो का रिटर्न। ऑफिशियल ट्रंप यानी ट्रंप मीम कॉइन एक हफ्ते में ही रॉकेट हो गई है। इसने एक हफ्ते में निवेशकों को 85 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इसमें तेजी के पीछे एक खास निमंत्रण है।

कॉइन मार्केट कैप के अनुसार ट्रंप मीम कॉइन की कीमत शनिवार रात 10:30 बजे 15.48 डॉलर थी। यह क्रिप्टो एक दिन में 11% से ज्यादा और 7 दिन में 85 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे चुकी है। इसे 17 जनवरी को लॉन्च किया गया था। लॉन्च होते ही इसने क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में तूफान मचा दिया था। कुछ ही घंटे में इसमें करीब 8000 फीसदी की तेजी आ गई थी। लेकिन बाद में यह क्रिप्टो बुरी तरह गिर गई थी।17 जनवरी को ट्रंप मीम कॉइन की ओपनिंग करीब 7 डॉलर प्रति कॉइन से हुई थी। देखते ही देखते इसमें तेजी आने लगी। यह अपने ऑल टाइम हाई करीब 75 डॉलर पर पहुंच गई थी। ऑल टाइम हाई पर पहुंचने के बाद इसमें तेजी से गिरावट आनी शुरू हुई। हालांकि बीच में कुछ तेजी भी आई, लेकिन यह क्रिप्टोकरेंसी फिर से 75 डॉलर वाली वैल्यू पर नहीं पहुंच सकी।पिछले काफी समय से यह क्रिप्टो उड़ान भरने की तलाश में थी। लेकिन इसे उड़ान हाल ही में आए एक निमंत्रण के बाद भरी है। दरअसल, वॉशिंगटन डीसी में डिनर का एक निमंत्रण आया है। इस निमंत्रण ने ट्रंप मीम कॉइन को रॉकेट बना दिया है। मतलब, जिस किसी को भी ये निमंत्रण मिला है, उसकी किस्मत चमक गई है! यह निमंत्रण सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। लोग सोच रहे हैं कि किसके साथ डिनर करने का मौका मिलेगा। इस खबर के बाद ट्रंप मीम कॉइन की कीमत अचानक से बढ़ गई।

### क्या है डिनर का राज?

ट्रंप की मीम कॉइन ट्रंप कॉइन की वेबसाइट के पहले पेज पर लिखा था, ह्यराष्ट्रपति ट्रंप के साथ वाशिंगटन, डीसी में डिनर करें ह्व इस घोषणा के बाद ट्रंप कॉइन की कीमत में तेजी आई। वेबसाइट यह भी दावा करती है कि टोकन होल्डर्स को डिनर के अगले दिन वीआईपी व्हाइट हाउस टूर भी मिलेगा। इस तेजी के बावजूद यह कॉइन अभी भी जनवरी के उच्च स्तर से बहुत नीचे है। जनवरी में इनॉगरेशन डे से पहले इसकी कीमत 75 डॉलर के करीब थी।में यह तेजी तब आई है जब इसकी वेबसाइट और अकाउंट पर घोषणा हुई।

## राज-काज

### शेयर बाजार में फिर गिरावट; सेंसेक्स 589 अंक गिरा

**मुंबई।** एक्सिस बैंक में बिकवाली और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण शुक्रवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट दिखी। शुरूआती बढ़त को गंवाते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 588.90 अंक या 0.74 प्रतिशत टूटकर 79,212.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,195.62 अंक या 1.49 प्रतिशत गिरकर 78,605.81 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और यह 207.35 अंक या 0.86 प्रतिशत गिरकर 24,039.35 अंक पर आ गया। इस दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 7 पैसे की गिरावट के साथ 85.40 के स्तर पर बंद हुआ।विशेषज्ञों के अनुसार मंगलवार को पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से जुड़ी चिंता ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

# भारत में इस साल कारों की बिक्री 50 लाख यूनिट के जादुई आंकड़े को कर सकती है पार

**मुंबई।** भारत का यात्री वाहन उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है। क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में इंडियन ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री नई ऊंचाइयों को छुएगी। घरेलू और निर्यात बिक्री मिलाकर 50 लाख यूनिट के आंकड़े को पार किए जाने की उम्मीद है। हालांकि, कार मार्केट के ग्रोथ की स्पीड थोड़ी धीमी रहेगी और 2-4 फीसदी तक की बढ़ोतरी के ही अनुमान हैं।

एसयूवी-एमपीवी सेगमेंट की गाड़ियों की बंपर सेल, नए लॉन्च, ब्याज दरों में कमी और सीएनजी वाहनों की ज्यादा बिक्री से बाजार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बेहतर मॉनसून और ब्याज दरों में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में भी मांग बढ़ने की उम्मीद है। ओईएम अपने पूंजीगत व्यय को आसानी से पूरा कर पाएंगे और उनकी बैलेंस शीट मजबूत रहेगी।क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट बताती है कि पैसेंजर वीइकल इंडस्ट्री लगातार चौथी बार रेकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगा। कोरोना महामारी के बाद वित्त वर्ष 2023 में 25 फीसदी की तेजी हुई थी। उसके बाद से बिक्री में थोड़ी कमी आई है, लेकिन फिर भी बाजार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।क्रिसिल रेटिंग्स के सीनियर डायरेक्टर अनुज सेठी का कहना है कि इस वित्त वर्ष में पैसेंजर वीइकल्स की वृद्धि दर 2-4 फीसदी तक रहेगी, लेकिन यूटिलिटी वीइकल्स की वृद्धि दर 10 फीसदी रहेगी।

यूवी टोटल वॉल्यूम का 68-70 फीसदी तक योगदान देगा। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छे मॉनसून और ब्याज दरों में कमी से ग्रामीण इलाकों में स्थिति सुधरेगी। इससे एंट्री लेवल कारों की मांग बढ़ेगी। ओईएम यानी मूल उपकरण निमार्ताओं की स्थिति काफी अच्छी है। उनके पास पर्याप्त पैसा है, जिससे वे अपने खर्चों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। इससे उनकी बैलेंस शीट मजबूत रहेगी और क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर रहेगा।आपको बता दें कि पिछले वित्त वर्ष में कारों की बिक्री में घरेलू बाजार का योगदान 85 फीसदी था। सीएनजी से चलने वाले वाहनों की मांग बढ़ रही है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सीएनजी गाड़ियां चलाने में सस्ती होती हैं और देश में 7000 से ज्यादा सीएनजी स्टेशन खुल गए हैं। उम्मीद है कि इस वित्त वर्ष में सीएनजी वाहनों की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

# बेंगलुरु की इस ईवी कंपनी ने मचा दी धूम! महज 4 साल में 100 करोड़ रुपये का रेवेन्यू और मार्च में 1000 यूनिट बिक्री

**बेंगलुरु।** इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में भारी कॉम्पिटिशन के बीच बेंगलुरु की इलेक्ट्रिक वाहन (एश) कंपनी रिवर मोबिलिटी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जी हां, कंपनी ने महज 4 वर्षों में 100 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कमाया है। रिवर ने दो साल पहले अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर रिवर इंडी लॉन्च किया था और कंपनी इसे स्कूटर सेगमेंट की एसयूवी मानती है। काफी यूनिट और धांसू देखने वाला रिवर इंडी स्कूटर लोगों को खूब पसंद भी आ रहा है।रिवर मोबिलिटी के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि बीते महीने, यानी मार्च 2025 में कंपनी ने 1,000 स्कूटर बेचे और यह टॉप सेलिंग कंपनियों की लिस्ट में 11वें स्थान पर रही, जो कि इस नई कंपनी के लिए बहुत बड़ी बात है।

अब रिवर पूरे भारत में अपने स्टोर्स खोलने की तैयारी कर रही है। कंपनी का लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इलेक्ट्रिक स्कूटर पहुंचे। रिवर ईवी कंपनी साल 2026 तक देश के 100 से ज्यादा शहरों में अपने स्टोर्स खोलेगी।रिवर के सीईओ और को-फाउंडर अरविंद मणि ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि हमने सिर्फ 4 वर्षों में 100 करोड़ रुपये का रेवेन्यू और हर महीने 1,000 स्कूटर बेचने का आंकड़ा पार कर लिया है। हमें अपनी आर एंड डी क्षमता, मैन्युफैक्चरिंग और डिस्ट्रीब्यूशन पर गर्व है।

कंपनी का कहना है कि रिसर्च और डेवलपमेंट की बदौलत बेहतर प्रोडक्ट्स बनाने में मदद मिली है और आगे भी वह लोगों की जरूरत के अनुसार नए प्रोडक्ट्स लाते रहेंगे।आपको बता दें कि रिवर कंपनी ने बहुत कम समय में भारतीय बाजार में अपनी स्थिति मजबूत की है। रिवर ने दो साल पहले अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर इंडी बाजार में उतारा था, जिसे लोग ह्यस्कूटरों की एसयूवीह्व भी कहते हैं। कंपनी के फिलहाल बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नै समेत 20 शहरों में आउटलेट हैं। रिवर जल्द ही त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा और पुणे में भी अपने स्टोर्स खोलने वाली है। इससे ज्यादा लोगों को रिवर के स्कूटर खरीदने का मौका मिलेगा। रिवर इलेक्ट्रिक स्कूटर को लोगों तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कंपनी का मानना है कि इलेक्ट्रिक स्कूटर भविष्य में परिवहन का एक अहम साधन होंगे।




मेरठ में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में संयुक्त व्यापार संघ द्वारा आहूत बंद के दौरान लोग विरोध मार्च में भाग लेते हैं।

दैनिक !! श्रीकृष्ण शरणंमम !! आदित्य भारत सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, सोमवार, 28 अप्रैल, 2025
www.adityabharat.com



## पुलिस अधिकारियों को अभियान चलाने के निर्देश, कहा- इस काम में लापरवाही न हो

# सीएम बोले- पाकिस्तानी नागरिकों को एमपी से जल्द बाहर करें

संवाददाता ● भोपाल

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद मध्य प्रदेश सरकार एक्शन में आ गई है। शनिवार रात मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग की। सीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि पाकिस्तानियों को जल्द एमपी से बाहर करें। इस बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**निर्देश**

सीएम ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था (लॉ एंड ऑर्डर) की समीक्षा करते हुए गृह मंत्रालय से जारी निर्देशों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। प्रदेश में पाकिस्तानी वीजा धारक नागरिकों को चिन्हित कर गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गाइडलाइन अनुसार वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को प्रदेश से बाहर करना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि लंबी अवधि के वीजा, राजनयिक वीजा और आधिकारिक वीजाधारकों के अतिरिक्त सभी पाक नागरिकों को प्रदेश से बाहर करने की कार्रवाई अभियान चलाकर करें। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे सभी पाकिस्तानियों को बाहर करने में लापरवाही ना बरती जाए।




### जम्मू कश्मीर के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की जाए

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अलग-अलग शिक्षण संस्थानों में रहकर पढ़ रहे जम्मू कश्मीर के छात्र-छात्राओं को सुरक्षा दी जाने की बात कही। सभी संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी रखी जाए। किसी भी स्थिति में राज्य की शांति और कानून व्यवस्था से समझौता ना हो।

**क्या हैं केंद्र सरकार के निर्देश?**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद CCS की बैठक हुई। इसमें भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला लिया गया है। भारत की ओर से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए, सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल 2025 से रद्द कर दिए जाएंगे। पाकिस्तानियों को जारी किए गए मेडिकल वीजा सिर्फ 29 अप्रैल 2025 तक वैध रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वर्तमान में भारत में जो भी पाकिस्तानी हैं उन्हें संशोधित वीजा की अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ना होगा।

## शॉट न्यूज

### ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवती ने मौत को लगाया गले

**हरदा**। मध्य प्रदेश के हरदा जिले से आत्महत्या की खबर सामने आ रही है। मानपुरा निवासी 26 वर्षीय युवती ने 6 अक्टूबर की रात 9 बजे उद्योग नगरी एक्सप्रेस के सामने कूदकर जान दे दी। युवती के साथ साजिद अंसारी ने झूठे प्यार का झांसा देकर दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी थी। युवती दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर यह कदम उठाया। पुलिस युवती के खुदकुशी के मामले की जांच की जा रही है। प्रशासन ने बुधवार को ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म के आरोप में साजिद अंसारी के मानुपरा स्थित मकान पर बुलडोजर चलाया। इसमें मकान की सामने की दीवार का 13 फीट लंबा छत्त गिराया गया। साथ ही घर के सामने बनाया ओटला हटाया गया।

### लापता बेटी को ढूंढने गयी मां की हत्या

**भिण्ड**। मध्य प्रदेश के भिण्ड जिले के उमरी में एक मां ने अपनी बेटी को ढूंढने के लिए बिना बताए जाने पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार घटना उमरी की है। गांव के निवासी आरोपित राजू की बेटी गत दिनों गुजरात के मोरबी से किसी के साथ चली गई थी। इस पर उसकी मां समबाई अपने पति को बताए बिना बेटी को ढूंढने के लिए गुना चली गई थी। इस पर आरोपित राजू गुना जाकर समबाई को घर लेकर आया था। सोमवार को यहां उसने बिना बताए जाने पर पत्नी समबाई से विवाद किया। विवाद बढ़ा तो उसने लाठी से मारपीट की गई। इससे समबाई के मुंह, हाथ और पैर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने हत्या की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया।

### 11 वीं की छात्रा से सोशल मीडिया पर की दोस्ती फिर किया दुष्कर्म

**भोपाल**। मध्यप्रदेश के हरदा जिले में 11वीं की छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पीड़िता एवं बाल अपचारी दोनों नाबालिग हैं। पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम केस दर्ज कर शनिवार को बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया। आरोपित से महिला थाना पुलिस पूछताछ कर रही है। बाल अपचारी को रविवार को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जाएगा। बताया जा रहा कि पुलिस अभिरक्षा में लिए जाने वाले दिन यानि शनिवार को अपचारी बालक 18 वर्ष हो हुआ है। छात्रा के स्वजनों ने बाल अपचारी पर ब्लैकमेल कर नकदी एवं जेवर लेने के आरोप लगाए हैं।

## हीट वेव से राहत की उम्मीद, मप्र में बारिश का पूर्वानुमान-लू पर



संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश के कई शहरों में तपती गर्मी पड़ रही है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर आदि शहरों में दिन और रात के तापमान में इजाफे के साथ ही लोगों का जमकर पसीना भी निकल रहा है। इसी के बीच एमपी के मौसम पूर्वानुमान में राहत भरी खबर सामने आई है। मध्य प्रदेश के कई शहरों में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि दोपहर के समय लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान की बात मानें तो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से बालाघाट, निवाड़ी, अनूपपुर, सागर, चंबल, ग्वालियर, शहडोल, जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा, भिंड, डिंडौरी, सिवनी आदि शहरों में बारिश हो सकती है। इन इलाकों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश पर भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। हालांकि, मध्य प्रदेश के कई शहरों में बारिश के बाद दिन और रात का तापमान ड्रॉप भी हो सकता है।

**10 शहरों में बारिश पर अलर्ट**

मौसम विभाग की बात मानें तो मध्य प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेगा। अप्रैल महीने के आखिरी हफ्ते में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है। भोपाल, ग्वालियर, जलबपुर समेत करीब एक दर्जन शहरों में बारिश से लोगों को तपती गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। दूसरी ओर, बारिश पड़ने के साथ ही लोगों को हीट वेव से राहत भी जरूर मिलेगी। जबकि, मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में 27 अप्रैल से लू लोगों को परेशान कर सकती है।

## बालाघाट में शादी से लौट रहीं 4 लड़कियों का पीछा कर गैंगरेप

संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश के बालाघाट से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां शादी से लौट रही 4 लड़कियों से 7 लोगों ने गैंगरेप किया। पीड़िताओं में 3 नाबालिग और 1 बालिग शामिल हैं। घटना के बाद आदिवासी समाज के लोग थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह खौफनाक वारदात 23 अप्रैल की रात को हुई। हट्टा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित एक गांव की 4 लड़कियां और एक छोटा बच्चा ठाकुर टोला (गोदरी) गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब 1:00 बजे, वापसी के दौरान दुगलई के जंगल रास्ते में 7 युवकों ने इन 4 बालिकाओं से जबरन दुराचार किया और धमकाते हुए मौके से फरार हो गए।

**देर रात घर पहुंचीं डरी-सहमी बच्चियां**

आरोपी ग्राम भगतपुर के निवासी हैं। उन्होंने एक छोटी बच्ची को छोड़ बाकी सभी लड़कियों को निशाना बनाया। घटना से सहमी पीड़ित बच्चियां देर रात घर पहुंचीं और परिजनों को जानकारी दी। शिक्षा और संसाधनों की कमी के चलते परिजनों ने पहले 24 अप्रैल को गांव में ही बैठक की। फिर 25 अप्रैल को आदिवासी समाज के लोग पीड़ित परिवार के साथ हट्टा थाने पहुंचे। मामला गंभीर होने के चलते एसपी नागेंद्र सिंह सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी थाने पहुंचे और पीड़िताओं के बयान दर्ज किए। पुलिस ने सभी 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना से आदिवासी समाज में भारी आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### एमपी के शाजापुर में हुआ हादसा

## चाय-नाश्ते के लिए उतरे थे यात्री, कुछ ही मिनट बाद जल गई पूरी बस...



संवाददाता ● शाजापुर

**हादसा**

शाजापुर जिले में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम सन कोटा के पास यात्री बस में अचानक आग लग गई। बस में जब आग लगी तब वह एक होटल के बाहर खड़ी थी। यात्री होटल में नाश्ता करने के लिए पहुंचे थे और एक यात्री बस में सोया हुआ था। आग से बस में सोया यात्री मामूली रूप से झुलसा है। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। बस में आग की घटना में सभी यात्री सुरक्षित हैं, लेकिन उनमें दहशत का माहौल है। घटना में उनका सारा सामान जलकर खाक हो गया है।

प्रत्यदर्शियों के अनुसार बस में आग लगने के दौरान केवल एक यात्री ही उसमें सवार था, अगर यह हादसा चलती बस में होता तो लोगों का बाहर निकलना बहुत मुश्किल हो जाता। आग बुझाने के लिए दो दमकल से पानी डाला गया है। इसके बाद भी बस में रुक-रुक कर आग लग रही है। शाजापुर के यातायात और लालघाटी थाना और उज्जैन जिले के तराना थाने की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई थी।

**कार की टक्कर से महिला का पैर कटा, कुल चार घायल**

शाजापुर जिले के ग्राम बोलाई में पेट्रोल पंप के पास कार और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हुए। जिनमें से एक महिला का पैर कट गया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर लाया गया। जहां से पैर कटने से गंभीर घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार मोटरसाइकिल सवार लोग शुजालपुर से शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव बेरछा लौट रहे थे। तभी बोलाई गांव में पेट्रोल पंप के पास एक कार ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में महिला साजिदा का दायां पैर कट गया। इसके अलावा शेखर, सनोदा बी और सात वर्षीय बालिका को भी चोट आई। तीनों घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पैर कटने से गंभीर घायल साजिदा को इंदौर रैफर कर दिया जबकि शेखर, सनोदा बी और बालिका का शाजापुर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# नाबालिग से दरिंदगी के बाद किया दोस्तों के हवाले

संवाददाता ● भोपाल

राजधानी भोपाल में दोस्ती के बाद नाबालिग लड़की के शारीरिक शोषण का बेहद खौफनाक मामला सामने आया। नाबालिग हिंदू लड़की से टीटी नगर क्षेत्र में रहने वाले शाहरुख खान नाम के युवक ने दोस्ती कर दुष्कर्म किया, इसके बाद उसने अपने दोस्त से भी दुष्कर्म कराया। इतना ही नहीं पीड़िता का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उस पर दबाव बनाया गया कि अन्य हिंदू युवती को लेकर आए, ताकि उनसे शारीरिक संबंध बनाए जा सकें। उसने ऐसा नहीं किया तो शाहरुख ने अन्य युवकों के साथ उसके साथ दरिंदगी कराई। इस मामले में श्यामला हिल्स और बैरागढ़ पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता और आरोपी अलग-अलग संप्रदाय के होने के कारण पुलिस ने संवेदनशीलता के चलते मामले को दबाये रखा। कई दिन बाद यह मामला मीडिया

**एक के बाद एक महीनों चला हैवानियत का खेल, छह गिरफ्तार**




को पता चला। घटना कुछ महीने से चल रही थी। पुलिस ने कुछ दिन पहले ही प्रकरण दर्ज कर छह आरोपियों को जेल भेजा है।

श्यामला हिल्स पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय किशोरी बैरागढ़ की रहने वाली है। बैरागढ़ क्षेत्र में रहने वाला शाहरुख खान नामक युवक ने पीड़िता के साथ दोस्ती की, फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने उसका वीडियो बना लिया और वायरल करने की धमकी देकर दूसरे दोस्तों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। युवती पर दबाव बनाया गया कि वह स्वयं दूसरे युवकों से संबंध नहीं बनाती तो अपनी किसी हिंदू सहेली को लेकर आए और मेरे दोस्तों से शारीरिक संबंध बनवाए। इसके बाद शाहरुख ने पीड़िता पर दबाव बनाकर अयान नाम के युवक के साथ दुष्कर्म कराया। अयान ने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना का वीडियो बना लिया। वह वीडियो उसने शाहरुख को भी भेजा था।

पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाला अयान दूसरा दरिंदा था। इसके बाद अयान ने अपने दोस्त अरबाज के साथ पीड़िता का दुष्कर्म कराया। शाहरुख बैरागढ़ थाना क्षेत्र में दुष्कर्म करने के साथ उसके साथ बाणगंगा क्षेत्र में भी दुष्कर्म किया।

## मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 5 प्रतिशत बढ़ा



संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन में कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा कर दी है। सीएम ने प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को 1-7- 2024 से 3% और 1-1- 2025 से 2% महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त स्वीकृत करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को भारत सरकार के कर्मचारियों के समान ही 55% महंगाई भत्ता दिया जाएगा। महंगाई भत्ते में वृद्धि के फल स्वरुप एरियर राशि का भुगतान पांच समान किस्तों में जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक दीवाली अच्छी मनाकर किया जाएगा।

### सीएम बोले- दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

# 'लव जिहाद' का नेटवर्क कोलकाता-बिहार तक

संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक प्रतिष्ठित कॉलेज से सामने आई छात्राओं के शोषण और ब्लैकमेलिंग की सनसनीखेज घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस गंभीर मामले में अब तक छह से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि कई फरार हैं। मामले की जड़ें न सिर्फ भोपाल तक सीमित हैं, बल्कि इसका नेटवर्क मध्य प्रदेश के पन्ना, बैतूल, इंदौर शहर के अलावा कोलकाता और बिहार तक फैला हुआ है। इस गंभीर मामले पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने भोपाल में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश के शिक्षण संस्थान किसी भी हालत में अपराध स्थल नहीं बनने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में शिक्षण संस्थाओं पर नजर रखी जाए। उन्होंने भोपाल में कुछ युवकों द्वारा स्कूल, कॉलेज की कुछ छात्राओं से दुर्व्यवहार और अपराध से संबंधित घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षण परिसरों अथवा इनके नजदीक कोई भी अवैधानिक गतिविधियां न हों, सतत् रूप से नजर रखी जाए। आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए। दोषियों को बिल्कुल न छोड़ें। मुख्य आरोपी फरहान और उसके साथी साहिल, शाजी उर्फ शमशुद्दीन और अन्य युवकों पर आरोप है कि वे कॉलेज की छात्राओं को डांस क्लास और साइड इनकम का झांसा देकर फांसते थे। लड़कियों से दोस्ती कर पहले उनके साथ दुष्कर्म करते और फिर वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल किया जाता था। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि कई युवतियों को जानबूझकर नशे का आदी बनाया गया ताकि उन्हें मानसिक रूप से कमजोर कर गिरोह के नियंत्रण में लाया जा सके।

इस गैंग की शिकार बनी एक छात्रा ने जब अपनी छोटी बहन को इंदौर भेजा ताकि वह इस गिरोह से बच सके, तब भी आरोपी फरहान वहां तक पहुंच गया और वहीं उसे भी अपने जाल में फंसा लिया। पुलिस को मिले एक वीडियो में फरहान एक साथ तीन कॉलेज छात्राओं के साथ दुष्कर्म करता दिख रहा है। एक अन्य वीडियो में वह एक युवती को सिगरेट से जलाता हुआ पाया गया




**मल्टी-स्टेट नेटवर्क की जांच में जुटी SIT**

विशेष जांच टीम ने अब तक पन्ना से दो और भोपाल से फरहान सहित कई आरोपियों को हिरासत में लिया है। फरार चल रहे कोलकाता निवासी अबरार और बिहार निवासी नबील की तलाश के लिए पुलिस टीमें रवाना हो चुकी हैं। मामले में आरोपियों द्वारा लड़कियों को दूसरे अजनबी युवकों के कमरों में भेजने की बात भी सामने आई है, जिससे मानव तस्करी और देह व्यापार जैसे बड़े संगठित अपराध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# भूमि पेडनेकर संग इमरान खान करेंगे बॉलीवुड कमबैक?

बॉलीवुड एक्टर इमरान खान को लेकर चर्चा है कि वो करीब 10 साल बाद फिल्मों में कमबैक करने जा रहे हैं। इमरान खान के कमबैक को लेकर खबर है कि वो वो भूमि पेडनेकर के साथ अपना बॉलीवुड कमबैक करने जा रहे हैं। अब बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने खुद इस बात का जवाब दिया है। भूमि ने सीधेतौर पर कुछ नहीं कहा है। उन्होंने कहा कि मैं तब तक उस बारे में बात नहीं जब तक उसका आधिकारिक ऐलान ना हो जाए। भूमि पेडनेकर जल्द ही नेटफ्लिक्स के शो द रॉयल्स में नजर आएंगी। शो के ट्रेलर लॉन्च पर भूमि पेडनेकर ने इमरान खान के कमबैक को लेकर जवाब दिया। जवाब में उन्होंने कहा, 'जब तक आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं हो जाता, मैं किसी भी चीज के बारे में नहीं बोलती।' भूमि के इस जवाब से सोशल मीडिया यूजर्स कंफ्यूजन में हैं। दरअसल, फिल्म जर्नलिस्ट राहुल राउत ने अपने एक्स हैंडल पर एक क्लैपबर्ड की तस्वीर शेयर की थी। इस क्लैपबोर्ड पर इमरान खान का नाम नजर आ रहा है। तस्वीर को शेयर करने के साथ ही राहुल ने लिखा था- एक दशक के बाद फिल्मों में वापसी करते हुए इमरान खान ने आज मुंबई में अपनी कमबैक फिल्म की शूटिंग आधिकारिक रूप से शुरू कर दी है...। पोस्ट में दावा किया गया कि यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी जिसमें भूमि पेडनेकर भी नजर आएंगी। क्लैपबोर्ड में फिल्म के डायरेक्टर के नाम के साथ दानिश असलम का नाम नजर आ रहा है। बता दें, इमरान खान पहले भी दानिश असलम के साथ काम कर चुके हैं। इमरान खान और दानिश असलम ने साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म ब्रेक के बाद में साथ में काम किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान की आनेवाली फिल्म 2026 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जा सकती है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर अभी कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है।



# Don 3 से पहले 'धुरंधर' बनेंगे रणवीर सिंह! फिल्म को लेकर आया झन्नाटेदार अपडेट

रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में कैमियो करने के बाद अब रणवीर सिंह की लीड फिल्म का हर किसी को इंतजार है। रणवीर के पास कई बड़े प्रोजेक्ट मौजूद हैं, जिनपर वह लगातार काम भी कर रहे हैं। उन्हीं में ये एक आदित्य धर के डायरेक्शन में बन रही फिल्म धुरंधर है, जिसमें रणवीर सिंह लीड रोल में काम कर रहे हैं। टीम ने आखिरकार मुंबई में अपना शूटिंग शेड्यूल पूरा कर लिया है। अब फिल्म के नए शूटिंग शेड्यूल को लेकर ताजा जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार रणवीर सिंह अब अपकमिंग फिल्म धुरंधर की शूटिंग के आखिरी चरण के लिए अमृतसर जा रहे हैं। पिछले एक साल से ज्यादा समय हो चुका है रणवीर को इस फिल्म के लिए काम करते हुए। इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले एक्टर ने डायरेक्टर आदित्य धर के साथ अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लिया था। अब, इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट बताती है कि टीम ने अपना मुंबई शेड्यूल पूरा कर लिया है, जिसकी शूटिंग मड आइलैंड में हो रही थी। जल्द ही, वे इसके अगले चरण के लिए अमृतसर जाएंगे। रिपोर्ट की मानें तो मड आइलैंड का शेड्यूल काफी स्मूद तरीके से चला। इसके अलावा, कई महत्वपूर्ण सीन्स पूरे किए गए, जिनमें कुछ हाई इंटेंसिटी वाले मूमेंट्स भी शामिल थे, जो फिल्म के लिए सेंट्रल हैं। खबर के अनुसार अमृतसर में स्थानों को लॉक कर दिया गया है।



# लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन की एंट्री राहुल की जगह लेंगी जैस्मिन



कलर्स का रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स फैंस को बहुत ज्यादा पसंद आ रहा है। सीजन 1 की सफलता के बाद शो का सीजन 2 भी शुरू किया गया है। सीजन 2 में सीजन 1 के कई कंटेस्टेंट की वापसी हुई है। हाल ही में सीजन 2 में अली गोनी, रीम शेख और निया शर्मा की वापसी हुई है। शो के कुछ प्रोमोज में सेट पर अली गोनी की गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन भी नजर आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैस्मिन शो में आनेवाले एपिसोड में राहुल की जगह लेंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राहुल वैद्य किसी और कमिटमेंट की वजह से शो के आनेवाले एपिसोड को शूट नहीं कर पाएंगे। उस एपिसोड के लिए जैस्मिन राहुल की जगह लेंगी। बता दें, अभी राहुल वैद्य की जोड़ी रुबीना के साथ है। जैस्मिन, रुबीना और राहुल बिग बॉस के एक ही सीजन का हिस्सा थे। बिग बॉस के घर में जैस्मिन भसीन और रुबीना दिलैक के रिश्ते बहुत ही खराब थे। सीजन की शुरुआत में जैस्मिन और रुबीना दोस्त थीं, लेकिन सीजन में जैसे ही अली की एंट्री हुई थी। जैस्मिन और रुबीना के रिश्ते में दरार आने लगी थी। सीजन खत्म होते-होते जैस्मिन और रुबीना के बीच कई बार झगड़े देखने को मिले थे। बिग बॉस के बाद ये पहली बार होगा कि जब जैस्मिन और रुबीना पहली बार साथ नजर आएंगी।

# एक चुम्मा देगी क्या ?



साउथ की स्टार एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने बताया कि जब वह कॉलेज के दिनों में अपनी 2 दोस्तों के साथ कॉलेज से लौट रही थीं तब उनके साथ एक दहला देने वाली घटना हुई थी। मोहनन ने बताया कि उन्हें भी रोजमर्रा की जिंदगी में उस तरह की घटनाओं का सामना करना पड़ा है जिससे ज्यादातर आम लड़कियां दो-चार होती हैं। मालविका ने बताया कि जब वह मुंबई में पढ़ाई के लिए कॉलेज जाया करती थीं तो लोकल ट्रेन में उन्हें एक दहला देने वाली घटना का सामना करना पड़ा था। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे एक अजनबी ने उनसे किस मांगा था। मालविका ने कहा कि रोज अपने घरों से निकलने वाली अनगनित लड़कियों के लिए वो शहर सुरक्षित नहीं है।मालविका ने सुनाया कॉलेज के दिनों का किस्सा हटरफ्लाई के साथ बातचीत में मालविका ने कहा कि आज की तारीख में उन्हें मुंबई बाकी शहरों से ज्यादा सुरक्षित महसूस होता है, क्योंकि उनके पास अपनी खुद की गाड़ी और ड्राइवर है, लेकिन सफर करने वाली तमाम दूसरी औरतों के लिए हाल वैसा नहीं है। मालविका मोहनन ने कहा, 'लोग अक्सर कहते हैं कि मुंबई महिलाओं के लिए बहुत सुरक्षित है, लेकिन मैं उनका नजरिया बदलना चाहूंगी। आज मेरी खुद की गाड़ी और ड्राइवर है, तो अगर मुझसे कोई पूछे कि मुंबई सुरक्षित है क्या? तो शायद मैं कहूंगी कि 'हां'।



# 50 करोड़ क्लब में शामिल हुई 'केसरी 2', वीकेंड से पहले दिखाया जलवा

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और आर माधवन स्टारर फिल्म 'केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग' को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म ने 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। अक्षय की ये 'केसरी 2' की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। इसे क्रिटिक्स के अच्छे रिव्यू मिले हैं। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी ये फिल्म अब अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच अब 'केसरी 2' के शुक्रवार के दिन के कलेक्शन सामने आ चुके हैं, जो काफी बेहतरीन है। तो चलिए देखते हैं इसने अब तक कितना कलेक्शन कर लिया है। अक्षय कुमार की 'केसरी चैप्टर 2' धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है। इस मूवी में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे लीड रोल में हैं। मूवी में अनन्या की एक्टिंग की काफी सराहना हो रही है। 'केसरी 2' के सामने बॉक्स ऑफिस पर पहले जहां सनी की 'जाट' थी। वहीं, अब इमरान हाशमी की 'ग्राउंड जीरो' भी रिलीज हो गई है। 'केसरी 2' की कमाई की बात करे तो वीकेंड से पहले ही इसने अपना जलवा दिखाना शुरू कर दिया है। अक्षय की ये फिल्म 50 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है। अक्षय कुमार की 'केसरी 2' ने ओपनिंग डे पर 7.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। ऐसे में अब 'केसरी 2' के आठवें दिन के कलेक्शन सामने आ चुके हैं।



# सामंथा ने दीपिका-आलिया को पछाड़ा

जब बात पॉपुलर एक्ट्रेसेस की होती है, तो पहला नाम आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण या फिर कैटरीना कैफ का आता है। लेकिन हालिया रिपोर्ट कुछ और कहती है। ऑरमैक्स मीडिया ने भारत की 10 सबसे पॉपुलर फीमेल स्टार्स की मार्च महीने की अपनी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में साउथ हसीना ने बॉलीवुड अदाकाराओं का मात दे दी है। भारत की 10 सबसे पॉपुलर फीमेल स्टार्स की लेटेस्ट लिस्ट में सामंथा प्रभु ने टॉप पर जगह बनाई है। वहीं दूसरे नंबर पर आलिया भट्ट ने बाजी मार ली है और तीसरे नंबर पर दीपिका पादुकोण ने जगह बनाई है। 10 नामों में से इस लिस्ट में बॉलीवुड की सिर्फ तीन एक्ट्रेसेस हैं। आलिया और दीपिका के अलावा इस लिस्ट में तीसरा नाम कैटरीना कैफ का है जो 10वें नंबर पर हैं। काजल अग्रवाल फेहरिस्त में चौथे नंबर पर हैं तो वहीं पांचवें नंबर पर रश्मिका मंदाना का नाम है। साई पल्लवी ने छठे नंबर पर जगह बनाई है और तृषा कृष्णन ने सातवां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा नयनतारा आठवें और अनुष्का शेट्टी नवें नंबर पर हैं। सामंथा प्रभु का नाम पहले नंबर पर देखकर फैंस खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। एक फैन ने लिखा है- 'बिना किसी फिल्म के भी हमेशा टॉप पर रहती हैं सामंथा, वो हैं असली लेडी सुपरस्टार।' वहीं कुछ लोग रश्मिका मंदाना को बेस्ट बता रहे हैं तो कुछ यूजर्स नयनतारा के गुण गा रहे हैं। ऑरमैक्स मीडिया ने भारत के टॉप 10 मेल स्टार्स की लिस्ट भी जारी कर दी है। इस लिस्ट में भी साउथ एक्टर ने ही बाजी मारी है। टॉप 10 पॉपुलर सितारों की लिस्ट में प्रभास का नाम पहले नंबर पर है। इसके बाद थलापति विजय, अल्लू अर्जुन, शाहरुख खान, महेश बाबू और अजित कुमार जैसे सितारों का नाम है।

# शिल्पी राज और माही श्रीवास्तव का नया गाना 'सईया दिहले झुमका' रिलीज




गायिका शिल्पी राज और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का नया गाना 'सईया दिहले झुमका' रिलीज हो गया है। माही श्रीवास्तव और शिल्पी राज की जोड़ी का नया गाना 'सईया दिहले झुमका' रिलीज हो गया है। इस गाने को लेकर शिल्पी राज ने कहा कि यह गाना ननद और भौजाई की नौकझोंक को लेकर है। जिसमें नन्द अपनी भाभी से जलती है। इसी सिचुएशन पर आधारित हैं। इस गाने को लेकर माही श्रीवास्तव ने कहा कि ये गाना बहुत ही मजेदार है जिसमें परफॉर्म करके मुझे खूब मजा आया है। अप सभी दर्शक इस गाने को अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद दे। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड प्रस्तुत 'सइया दिहले झुमका' गाने को शिल्पी राज ने गाया है। गाने में माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं।इस गाने का निर्माण रत्नाकर कुमार ने किया है। इस गाने के गीतकार राहुल यादव, संगीतकार दीपक दिलकश, निदेशक गोल्डी जयसवाल, डीओपी राजन वर्मा, कोरियोग्राफर सनी सोनकर, एडिटर आलोक गुप्ता, डीआई रोहित सिंह हैं। प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया हैं। गाने के फुल राइट्स वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के पास हैं।



न्यूकैसल बनाम इप्सविच टाउन, प्रीमियर लीगः मैगपाईज ने दस-मैन विजिटर्स को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया

न्यूकैसल यूनाइटेड के 33 वर्षीय डैन बर्न ने न्यूकैसल यूनाइटेड और इप्सविच टाउन के बीच सेंट जेम्स पार्क, न्यूकैसल, इंग्लैंड में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान गोल किया।

## 'पंजाब नहीं जीतेगी खिताब', पोंटिंग पर भड़के मनोज तिवारी; कोच पर लगाया विदेशियों के समर्थन का आरोप

एजेंसी ● कोलकाता



पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी का मानना है कि पंजाब किंग्स इस सत्र में खिताब नहीं जीत पाएगी। उन्होंने टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग पर भारतीयों के बजाय विदेशी खिलाड़ियों को अधिक समर्थन देने का आरोप लगाया है। शनिवार को पंजाब का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से हुआ। यह मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया और दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। ईडन गार्डंस में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और उनके इस निर्णय को प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या ने सही साबित किया।

दोनों ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पंजाब ने कोलकाता के खिलाफ चार विकेट खोकर 201 रन बनाए थे। प्रियांश 69 और प्रभसिमरन 83 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए श्रेयस अय्यर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। मनोज तिवारी ने अब पंजाब के बैटिंग ऑर्डर में बदलाव पर सवाल खड़े किए हैं। उनका मानना है कि भारतीय बल्लेबाजों ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई थी। इसके बावजूद मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने चौथे और पांचवें नंबर पर ग्लेन मैक्सवेल और मार्को यानसेन को भेजकर शशांक सिंह और नेहल वढेरा का पत्ता काटने की कोशिश की। पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि इस बार पंजाब का खिताब जीतना मुश्किल है।

मनोज तिवारी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- मेरी आंतरिक भावना कहती है कि पंजाब की टीम इस सीजन में आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाएगी क्योंकि आज जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो मैंने देखा कि कोच ने भारतीय इनफॉर्म बल्लेबाजों नेहल वडेरा और शशांक सिंह को नहीं भेजा, बल्कि उन्होंने अपने विदेशी खिलाड़ियों पर भरोसा किया, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए और निचले क्रम में भारतीय खिलाड़ियों पर उनका भरोसा कमजोर दिखा। अगर वे इसी तरह से आगे बढ़ते रहे तो शीर्ष दो में जगह बनाने के बावजूद खिताब नहीं जीत पाएंगे।

# मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रन से हराया

## बुमराह ने झटके चार विकेट

एजेंसी ● मुंबई



जसप्रीत बुमराह की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से हराया। लखनऊ ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था, लेकिन सूर्यकुमार यादव और रियान रिक्लेटन की अर्धशतकीय पारी की मदद से मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 161 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 22 रन देकर चार विकेट झटके। बुमराह इसके साथ ही मुंबई के लिए सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं और उन्होंने इस मामले में लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने एडेन मार्करम का विकेट जल्दी गंवा दिया जो नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विल जैक्स ने निकोलस पूरन को आउट कर लखनऊ को बड़ा झटका दिया जो 15 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ के कप्तान एक बार फिर विफल रहे और चार रन बनाकर पवेलियन लौटे। मिचेल मार्श ने हालांकि कुछ हद तक टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन बोल्ट ने उनकी पारी का अंत कर दिया। मार्श 24 गेंदों पर 34 रन बनाकर आउट हुए।

लखनऊ ने डेविड मिलर को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारा और उन्होंने आयुष बडोनी के साथ साझेदारी निभाने की कोशिश की। बोल्ड ने बडोनी को 35 रन पर पवेलियन भेजा और फिर मिलर भी बुमराह का शिकार बने। मिलर 24 रन बनाकर आउट हुए। इसी ओवर में बुमराह ने अब्दुल समद और आवेश खान के भी विकेट चटकाए। रवि बिश्नोई ने दो छक्के लगाकर आंकड़ा कम करने का प्रयास किया, लेकिन कॉर्बिन बॉश ने उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। पारी की अंतिम गेंद पर बोल्ड ने दिग्वेश राठी को बोल्ड कर लखनऊ की पारी का अंत किया। मुंबई के लिए बुमराह के अलावा बोल्ट ने तीन विकेट लिए, जबकि विल जैक्स को दो और बॉश को एक विकेट मिला। कॉर्बिन बॉश ने रवि बिश्नोई को आउट कर लखनऊ को नौवां झटका दिया।

बिश्नोई 14 गेंदों पर दो छक्के की मदद से 13 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ ने 19 ओवर की समाप्ति तक नौ विकेट पर 158 रन बनाए हैं। उसे अब जीत के लिए छह गेंदों पर 58 रन बनाने हैं। मुंबई के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और एक ही ओवर में तीन विकेट झटके। 16वां ओवर डालने आए बुमराह ने दूसरी गेंद पर मिलर को आउट किया। फिर पांचवीं गेंद पर अब्दुल समद को बोल्ड कर पवेलियन भेजा जो दो रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद छठी गेंद पर आवेश खान को बोल्ड किया जो खाता खोले बिना आउट हुए।

बुमराह इस मैच में अब तक चार विकेट ले चुके हैं। जसप्रीत बुमराह ने डेविड मिलर को आउट कर मुंबई को छठी सफलता दिलाई है। मिलर इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे और 16 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। ट्रेंट बोल्ट ने आयुष बडोनी को आउट कर लखनऊ को पांचवां झटका दिया। बडोनी 22 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए। ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल मार्श को आउट कर लखनऊ को चौथा झटका दिया है।

मार्श 24 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 34 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ ने डेविड मिलर को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारा है। मुंबई के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया है। 10 ओवर की समाप्ति के बाद लखनऊ का स्कोर तीन विकेट पर 103 रन है। क्रीज पर मिचेल मार्श के साथ आयुष बडोनी मौजूद हैं। विल जैक्स ने लखनऊ को दोहरा झटका दिया है।

उन्होंने पहले निकोलस पूरन को आउट किया और फिर तीसरी गेंद पर ऋषभ पंत को पवेलियन भेजा। पंत चार रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने निकोलस पूरन को आउट कर लखनऊ को बड़ा झटका दिया। पूरन 15 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्के की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान ऋषभ पंत चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हैं। लखनऊ ने पावरप्ले समाप्त होने के बाद छह ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 60 रन बना लिए हैं। लखनऊ के लिए निकोलस पूरन और मिचेल मार्श अच्छी साझेदारी निभा रहे हैं। पावरप्ले के दौरान मुंबई को एक सफलता मिली और मार्करम का विकेट लिया।

## आईपीएल सीजन के बीच मालदीव पहुंचे सनराइजर्स हैदराबाद टीम के सदस्य

एजेंसी ● कोलंबो



सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2025 सीजन के बीच ही छुट्टियां मनाने का फैसला किया है और उसके खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ मालदीव पहुंचे हैं। हैदराबाद का हाल फिलहाल कोई मुकाबला नहीं है इसलिए छोटे ब्रेक के दौरान फ्रेंचाइजी ने टीम के सदस्यों को मालदीव ले जाने का फैसला लिया, जहां वे छुट्टियां मना रहे हैं। सनराइजर्स को अब अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस का सामना करना है, लेकिन इसमें अभी समय है। सनराइजर्स हैदराबाद ने मालदीव पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है जिसमें टीम के सदस्य एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। हैदराबाद के लिए यह सीजन कुछ खास नहीं रहा है और वह नौ मैचों में तीन जीत और छह हार के साथ छह अंक लेकर फिलहाल अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हराया था और प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें जीवंत रखी थी। यह हैदराबाद की चेपॉक में पहली जीत थी। शुक्रवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 154 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया था।

चेपॉक पर यह लगातार चेन्नई की चौथी हार है। वहीं, सत्र की सातवीं शिकस्त है। हैदराबाद इस जीत के साथ अंक तालिका में एक स्थान की छलांग लगाकर आठवें पायदान पर पहुंच गया है। नौ मैचों में तीन मैच जीत चुकी पैट कमिंस की टीम के खाते में छह अंक हैं और उनका नेट रन रेट -1.103 का है। वहीं, चेन्नई चार अंक और -1.302 के नेट रन रेट के साथ 10वें स्थान पर बनी हुई है। इस शिकस्त के साथ चेन्नई की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं।

### आईपीएल में सबसे तेजी से 4000 रन पूरे करने वाले भारतीय बने सूर्यकुमार यादव

मुंबई। मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सूर्यकुमार आईपीएल इतिहास में सबसे तेजी से 4000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि महज 2714 गेंदों पर हासिल की। सूर्यकुमार इस आईपीएल सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और लगातार अच्छी पारियां खेल रहे हैं। सूर्यकुमार ओवरऑल तीसरे स्थान पर हैं जिसने सबसे तेजी से आईपीएल में 4000 रन पूरे किए हैं। उनसे आगे इस मामले में क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स हैं। गेल ने 2653 गेंद और डिविलियर्स ने 2658 गेंदों पर आईपीएल में 4000 रन पूरे किए थे। इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर सूर्यकुमार आ गए हैं, जबकि चौथे स्थान पर डेविड मिलर और पांचवें पर सुरेश रैना हैं जिन्होंने क्रमशः 2809 और 2881 गेंदों पर यह उपलब्धि अपने नाम की थी।सूर्यकुमार लखनऊ के खिलाफ मैच से पहले 4000 रन पूरे करने से 33 रन दूर थे और उन्होंने 13वें ओवर में आवेश खान की गेंद पर बाउंड्री लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। सूर्यकुमार अपने करियर का 160वां आईपीएल मैच खेल रहे हैं। इस टूनार्मेंट में उन्होंने दो शतक और 26 अर्धशतक लगाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 146 से अधिक का है। सूर्यकुमार का स्ट्राइक रेट आईपीएल में 4000 रन पूरे करने वाले भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा है। ओवरऑल डिविलियर्स और गेल ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्ट्राइक सूर्यकुमार से ज्यादा है।

## मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में जीता 150वां मुकाबला

एजेंसी ● मुंबई

जसप्रीत बुमराह की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से हराया। लखनऊ ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था, लेकिन सूर्यकुमार यादव और रियान रिक्लेटन की अर्धशतकीय पारी की मदद से मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 161 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई की आईपीएल में यह 150वीं जीत है और वह इस टूनार्मेंट में सर्वाधिक मैच जीतने वाली टीम है। मुंबई ने इसके साथ ही आईपीएल 2025 में लगातार पांच मैच जीते।

यह पांचवीं बार है जब मुंबई ने किसी सीजन लगातार पांच मैच जीते हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड मुंबई के ही नाम है। दूसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) है जिन्होंने इस टूनार्मेंट में 140 मैच जीते हैं। मुंबई की आईपीएल 2025 में शुरूआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन टीम की जीत की लय पकड़ ली है और लगातार पांच मैच जीते हैं। यह सात प्रयास में पहली बार है जब मुंबई ने ग्रुप चरण में लखनऊ को हराया है। इससे पहले उसे इस टीम के खिलाफ एकमात्र जीत आईपीएल 2023 के एलिमिनेटर में मिली थी। इस मैच से पहले मुंबई की टीम अंक तालिका में पांचवें स्थान पर थी, लेकिन अब दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। मुंबई ने 10 मैच खेले हैं और छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक लेकर दूसरे स्थान पर आ गई है। दूसरी ओर, लखनऊ की टीम 10 मैचों में पांच जीत और पांच हार के साथ 10 अंक लेकर छठे स्थान पर है। शीर्ष पर गुजरात टाइटंस की टीम है।

## 'अधिक परिपक्वता दिखा रहे हैं', पंजाब के बल्लेबाज प्रभसिमरन से प्रभावित हुए जोशी

एजेंसी ● कोलकाता



पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की बल्लेबाजी से टीम के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी काफी प्रभावित हैं। प्रभसिमरन ने शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 49 गेंदों पर 83 रन की पारी खेली थी। सुनील का कहना है कि प्रभसिमरन आईपीएल के मौजूदा सत्र में अधिक परिपक्वता दिखा रहे हैं और टीम प्रबंधन द्वारा दिखाए गए भरोसे पर खरे उतरे हैं।

पंजाब ने प्रभसिमरन की बल्लेबाजी से 20 ओवर में चार विकेट पर 201 रन बनाए थे। हालांकि, लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर सिर्फ एक ओवर ही खेल सकी क्योंकि बारिश के कारण मैच को रोकना पड़ा और फिर मुकाबला दोबारा शुरू नहीं हो पाया। मैच बेनतीजा रहा जिससे केकेआर और पंजाब को एक-एक बांटने पड़े। जोशी ने कहा, मुझे लगता है कि यह सब आत्मविश्वास से जुड़ा होता है। टूनार्मेंट से पहले वह अपनी बल्लेबाजी में कितना निखार लाता है यह महत्वपूर्ण होता है। निश्चित रूप से मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने बल्लेबाजी कोचिंग स्टाफ के साथ मिलकर जो सकारात्मक माहौल बनाया है उसके अच्छे परिणाम नजर आ रहे हैं। प्रभसिमरन सफेद गेंद के प्रारूप में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले साल भी उन्होंने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी थी। आंकड़े इसके गवाह हैं लेकिन इस साल वह अधिक परिपक्व हो गए हैं और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ गया है। केकेआर ने जब बिना किसी नुकसान के सात रन बनाए थे तभी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। जोशी ने इस संदर्भ में कहा, हम प्रकृति के खिलाफ नहीं जा सकते। हमें इसे स्वीकार करना होगा। अगर खेल होता तो यह एक अच्छा मुकाबला होता। हमारे पास दो अंक हासिल करने का मौका था लेकिन हमें यह स्वीकार कर रहा होगा कि हमें एक अंक मिला और हम एक और अंक हासिल करने से चूक गए।



वेटिकन सिटी। पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देने के लिए सेंट पीटर बेसिलिका में प्रवेश करते समय लोग कतार में खड़े हैं।

## शॉर्ट न्यूज

### वैन की टक्कर से 7 सफाई कर्मियों की मौत, 4 घायल

**फरीदाबाद।** गुरुग्राम के सटे हरियाणा के ही नूंह जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस घटना में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, नूंह के थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के गांव इब्राहिमवास के पास शनिवार सुबह करीब 10 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक बेकाबू पिकअप गाड़ी ने सफाई कर रहे 11 सफाई कर्मचारियों को रौंद डाला। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### जून से अगस्त तक होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को 'कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025' की औपचारिक घोषणा कर दी। यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित की जाएगी। कैलाश मानसरोवर यात्रा अपने धार्मिक मूल्य और सांस्कृतिक महत्व के लिए जानी जाती है। भगवान शिव के निवास के रूप में हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण होने के नाते, यह जैन और बौद्धों के लिए भी धार्मिक महत्व रखती है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक kmy.gov.in वेबसाइट पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। वर्ष 2015 से, ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है। इस वर्ष, 5 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से एक निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से यात्रियों का चयन किया जाएगा।

### परमाणु समझौते की चर्चा के बीच ईरान में बड़ा हादसा

# बंदर अब्बास में राजई पोर्ट पर धमाका 5 की मौत

### 700 से ज्यादा जख्मी

**एजेंसी ● तेहरान**

हादसा

अमेरिका के साथ नए परमाणु समझौते को लेकर चर्चा के बीच ईरान के एक बंदरगाह पर भीषण विस्फोट की खबर सामने आई है। ईरान के दक्षिण-पश्चिम भाग में स्थित बंदर अब्बास शहर में शनिवार को शहीद राजई बंदरगाह पर एक बड़ा धमाका हुआ। ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार इस धमाके में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 700 से ज्यादा लोगों के घायल होने की जानकारी है। बंदरगाह पर धमाके के बाद हर तरफ से लोगों की चीख पुकार मच गई। वहीं, भीषण विस्फोट के बाद आग बुझाने के लिए बंदरगाह के सभी गतिविधियों को तुरंत रोक दिया गया है।



ईरान के सेमी-ऑफिशियल तसनीम न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बंदरगाह पर भारी संख्या में लोग काम करते हैं, ऐसे में इस धमाके में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के घायल होने और मारे जाने की आशंका है।

### कई किलोमीटर दूर तक हुआ धमाके का असर

बंदरगाह पर हुआ धमाका इतना जोरदार था कि कई किलोमीटर दूर तक इमारतों के खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए। वहीं, इस धमाके के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें इस विस्फोट के बाद आसमान में उठता धुएं का गुबार देखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि शहीद राजई बंदरगाह ईरान की राजधानी तेहरान के करीब 1,000 किलोमीटर दक्षिण में और बंदर अब्बास शहर से 23 किलोमीटर पश्चिम दिशा में स्थित है, जो ईरान के सबसे एडवांस कंटेनर पोर्ट है। इस बंदरगाह से होते हुए दुनिया के तेल उत्पादन का पांचवां हिस्सा आगे बढ़ता है। साल 2020 में ईरान के सबसे एडवांस कंटेनर पोर्ट शहीद राजई एक साइबर हमला का शिकार बना था। इस साइबर हमले के कारण आसपास के इलाकों में भारी अव्यवस्था फैल गई थी। वहीं, वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि इस हमले के पीछे कथित तौर पर इजराइल का हाथ था, जो ईरान की ओर से किए गए एक पूर्व साइबर हमले के जवाब में किया गया था।

बंदरगाह पर हुए धमाके के बारे में स्थानीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख मेहरदाद हसनजदेह ने ईरान के सरकारी मीडिया से कहा, "इस भीषण दुर्घटना के पीछे की वजह शहीद राजई बंदरगाह पर रखे हुए कंटेनरों में हुआ विस्फोट था। फिलहाल घटनास्थल से सभी घायलों के निकालकर इलाज के लिए मेडिकल सेंटरों में भेजा गया है। वहीं हॉर्मोज़गन रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख मुख्तार सलाहशौर ने सरकारी टीवी मीडिया से कहा, "बंदरगाह पर हुए भीषण विस्फोट के बाद चार रैपिड रेस्पॉन्स टीमों को मौके पर भेजा गया है।

### अमेरिका-ईरान के बीच चल रही है बातचीत

यह विस्फोट ऐसे समय में हुआ है जब ईरान ओमान में अमेरिका के साथ परमाणु समझौते को लेकर चर्चा में जुटा है। इस बातचीत का नेतृत्व अमेरिका के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची कर रहे हैं। इसके साथ ही दोनों पक्षों के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी स्तर की बैठकें भी हो रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक इस वार्ता का लक्ष्य एक नए परमाणु समझौते पर पहुंचना है, जिसका मकसद ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना है। इसके बदले अमेरिका ईरान पर लगाए गए कठोर प्रतिबंधों को हटा सकता है। हालांकि ईरान ने इन आरोपों से लगातार इनकार किया है।

## संदिग्ध आतंकी संग बंगाली युवक की तस्वीर, जांच शुरू

**एजेंसी ● कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के राणा बिस्वास नाम के एक युवक की पाकिस्तानी मिलिशिया के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करने के बाद पुलिस ने उसकी निगरानी शुरू की है। जांच में पाया गया कि वह तीन साल पहले कतर काम करने गया था और हाल ही में मुंबई में काम करने के लिए लौटा है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। राणा बिस्वास नाम के इस युवक ने अपनी फेसबुक स्टोरी पर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वह कुछ लड़कों के साथ नजर आ रहा है जिनके पास AK47 जैसा राइफल नजर आ रहा है। युवक ने अपने सोशल मीडिया स्टोरी पर जो तस्वीर शेयर की है, उसमें उसने कैप्शन के रूप में पाकिस्तान भैया* और मेरे दोस्त* लिखा है, जिससे पुलिस को संदेह हुआ। प्रशासन की नजर में ये तस्वीरें आने के बाद उच्च अधिकारी एक्टिव हुए और मामले जांच शुरू कर दी। युवक के खिलाफ शनिवार



को कृष्णनगर कोतवाली पुलिस स्टेशन में एक केस दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवक की फेसबुक प्रोफाइल की गंभीरता से जांच की जा रही है और उसके माता-पिता से भी पूछताछ की गई है। पुलिस का कहना है कि राणा बिस्वास को प्रेम प्रसंग के चलते तीन साल पहले गांव से बाहर कर दिया गया था। वह कतर में काम के लिए गया था और हाल ही में मुंबई में एक रिश्तेदार के होटल में नौकरी कर कर रहा है। पुलिस इस मामले को सभी एंगल से जांच रही है और जल्द ही सटीक जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। यह मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब पहलगाम हमले को लेकर देशभर के कई राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है।

### वेटिकन में पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार

## 54 वैश्विक नेताओं समेत दो लाख लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी ● रोम**

कैथोलिक चर्च के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को वेटिकन सिटी में स्थित सेंट पीटर्स स्क्वायर में बड़े सम्मान और भावुक माहौल में हुआ। पूरी दुनिया से करीब 2 लाख लोग, जिनमें राष्ट्राध्यक्ष, शाही परिवारों के सदस्य और आम श्रद्धालु इसमें शामिल थे। लाल रंग की ड्रेस पहने कार्डिनल्स ने सेंट पीटर बेसिलिका में ताबूत को उठाया और दोहरी लाइन बनाई। फिर ताबूत को चौक पर ले जाया गया. जैसे ही ताबूत को उठाकर सेंट पीटर्स स्क्वायर में लाया गया, भीड़ ने जोरदार तालियों से पोप को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

**सरल समाधि की इच्छा** -पोप फ्रांसिस ने स्वयं 'सरल समाधि' की इच्छा व्यक्त की थी, इसलिए उन्हें वेटिकन के भीतर नहीं, बल्कि रोम के बाहरी हिस्से में स्थित बेसिलिका दी सांता मारिया माज्जोरे में दफनाया गया। इससे पहले के पोप सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे दफनाए जाते रहे हैं। पिछले तीन दिनों में 2.5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने वेटिकन पहुंचकर पोप के दर्शन किए और शुक्रवार को सार्वजनिक दर्शन समाप्त होने से पहले उनकी अंतिम झलक पाई। इसके बाद पोप का ताबूत औपचारिक रूप से सील कर दिया गया।



### विश्व नेताओं की उपस्थिति

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दुनिया भर के 54 राष्ट्राध्यक्ष और 12 शाही परिवारों के सदस्य पहुंचे। इनमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ब्रिटेन के प्रिंस विलियम, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, स्पेन के राजा फेलिपे VI और रानी लेतिज़िया तथा ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा शामिल रहे। कई ऐसे नेता भी आए जो अपने विचारों में पोप फ्रांसिस से असहमति रखते थे, लेकिन इस अवसर पर एकजुट नजर आए।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)